हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## गर्मी में रेलयात्रा...भीड़ की जद्दोजहद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी के मौसम में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं रेलवे स्टेशन पर भी खासी भीड़ उमड़ रही है। महानगरों और अपने गंतव्य के लिए रेलयात्रा करने वाले परिवार के साथ ट्रेन में चढ़ने से लेकर सीट पाने तक बेहद मशक्कत करते दिखते हैं। एक सीट पर पांच-छह लोग बैठे नजर आते हैं। वहीं ऊपर की सीटों पर भी सामान रखने के बजाय लोग अपने बैठने के लिए जगह बना ही लेते हैं। गर्मी के मौसम में खासकर जनरल कोच में यात्रा कष्टदायी होती है।

## खबर संक्षेप

### 5 वॉशिंग मशीन जब्त 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक चोरी के मामले में खुलासा किया है। श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक के गोडाउन से वी-प्लस कंपनी के 6 फ्रिज व 13 वॉशिंग मशीन से भरा एक वाहन घर के पास खड़ा था। दूसरे दिन वाहन से 5 वॉशिंग मशीन की चोरी हो गई। इस बीच पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि भनपुरी चौक के पास दो व्यक्ति चोरी की वॉशिंग मशीन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पहुंचकर आरोपी इंद्रजीत साहू एवं सल्लू साहू उर्फ राहुल दोनों निवासी सूर्यनगर गोगांव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की वॉशिंग मशीनें जब्त कीं।

### किशोर लापता, अपहरण की आशंका

**रायपुर।** संतोषी नगर इलाके से एक 12 वर्षीय नाबालिग लापता हो गया। लड़के के पिता ने टिकरापारा




थाने में उसके गुम होने की सूचना देते हुए अपहरण की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस ने मामले में गुम इंसान के तहत बीएनएसः धारा 137-2 दर्ज किया है।

### ओरिजनल के बजाय 4 लाख का नकली सामान किया डिलीवर

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज किया है। इसमें प्रार्थी बालेंद्र शेखर पांडे निवासी अकली विहार अमलीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इंस्टाकार्ड सर्विस से 4 लाख 38 हजार कीमत के सामान की डिलीवरी करने विजय कुमार को भेजा था। उसने डिलीवरी के पहले ओरिजनल सामानों को निकालकर उसमें नकली सामान भर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएसः 318-4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पांच लाख के जेवर चोरी नौकरानी पर जताया संदेह

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थी पंकज सुघ निवासी ला-विस्टा कालोनी अमलीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में नौकरानी डिकेश्वरी निषाद पिछले कुछ सालों से काम कर रही है। इस बीच उसकी आलमारी में रखे नकदी 60 हजार एवं 5 लाख रुपए कीमत के सोने के गहने गायब हो गए हैं। पंकज ने संदेह व्यक्त किया है कि यह चोरी नौकरानी ने की है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच में लिया है।

### महापौर ने कहा- पब्लिक से मिला सहयोग, रोड बाधित नहीं इसलिए पार्किंग शुल्क नहीं लेंगे

## तेलीबांधा तालाब किनारे सड़क पर पार्किंग शुल्क लेना बंद, सुविधा के लिए अब स्मार्ट पार्किंग भी

- शहरवासियों की सुविधा के लिए 18 हजार वर्गफीट जगह पर स्मार्ट पार्किंग की सुविधा
- रायपुर स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी कर रही पार्किंग का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के जीई रोड स्थित तेलीबांधा तालाब किनारे लोक निर्माण विभाग की सड़क पर नगर निगम द्वारा अब लोगों से पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा है, व्यस्त मार्ग की सड़क पर अव्यवस्थित रूप से पार्किंग करने से वहां ट्रैफिक जाम की समस्या आ रही थी, इसलिए हमने चेतावनी के तौर पर अस्थायी रूप से व्यवस्था सुधार के लिए यह कदम उठाया। चूंकि अब वहां व्यवस्था सुधर गई है और व्यवस्थित रूप से लोग गाड़ियां रख रहे हैं, इसलिए अब वहां नगर निगम किसी तरह का पार्किंग शुल्क नहीं लेगा। महापौर मीनल चौबे ने शहर की जनता से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। वहीं तेलीबांधा के रीक्रियेशन जोन में आने-जाने वालों की सुविधा के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने स्मार्ट पार्किंग की सुविधा शुरू कर दी है, जहां निर्धारित शुल्क देकर लोग अपने दोपहिया, चारपहिया वाहन निर्धारित पार्किंग में रख सकेंगे।

दरअसल, तेलीबांधा तालाब किनारे मुख्य मार्ग की सड़क पर भीड़भाड़ और अव्यवस्थित पार्किंग की वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग परेशान रहे। यही नहीं सड़क यातायात बाधित कर मरीन ड्राइव सहित आसपास के क्षेत्र में आने वाले अपने दोपहिया, चारपहिया वाहन की पार्किंग अव्यवस्थित रूप से करते रहे। इसे देखते हुए नगर निगम के बाजार विभाग ने महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर इस जगह को कुछ माह पूर्व अस्थायी रूप से पार्किंग क्षेत्र घोषित करते हुए बाकायदा ⏭ शेष पेज 11 पर



### निगम को मिलेगा हर साल 16 लाख 65 हजार किराया

स्मार्ट पार्किंग विकसित करने वाली कंपनी शुरुआत में 10 साल तक स्मार्ट पार्किंग का संचालन करेगी। नगर निगम को लाइसेंस फीस के रूप में हर साल 16 लाख 65 हजार रुपए देगी। काम संतोषप्रद पाए जाने पर अनुबंध की अवधि 10 साल तक के लिए बढ़ाई जा सकेगी। इस पार्किंग के शुरू होने से तेलीबांधा सहित आसपास के कालोनी के रहवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

### स्मार्ट पार्किंग में कम आ रही गाड़ियां, प्रचार-प्रसार भी नहीं

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा तेलीबांधा से लगे यूको बैंक के पास नगर निगम की खाली पड़ी 18 हजार वर्गफीट जमीन पर स्मार्ट पार्किंग का प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर लाया गया। साल 2022 में इस कार्य के लिए बिलासपुर की कंपनी स्टोन इंफ्राबिल्ड को अनुबंधित किया गया। स्मार्ट पार्किंग में 90 कार की पार्किंग सहित दुपहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है। नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करना पड़ा। इस पार्किंग के बनने से तेलीबांधा रीक्रियेशन जोन के विजिटर्स स्मार्ट पार्किंग की सुविधा मिलने लगी है। हालांकि अभी शुरुआत में स्मार्ट पार्किंग में गाड़ियां कम आ रही हैं, पर आने वाले दिनों में यहां गाड़ियों की संख्या बढ़ेगी।

## बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी चिपचिपी गर्मी करेगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- 43.5 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म, राजधानी का पारा 42.8 डिग्री

तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट के बाद भी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से निम्न स्तर पर नमी आ रही है। इसके प्रभाव से कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। अब चिपचिपी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। नमी के कारण फिलहाल गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। अंधड़ और वज्रपात की आशंका भी प्रकट की गई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना भी मौसम विभाग ने जताई है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट हुई है। आने वाले तीन दिनों में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी।

### मुंगेली में 2 सेमी बारिश

*अगले पांच दिनों तक सभी संभागों में एक-दो स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने की है। मुंगेली में सर्वाधिक 2 सेमी बारिश हुई है। पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 66 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका हरियाणा से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक अन्य द्रोणिका उत्तर तेलंगाना से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।*


## गुणवत्ता ओके...लेकिन ढेरों शिकायतें वापस मंगाई फोलिक एसिड की टेबलेट

### सीजीएमएससी ने आंबेडकर सहित अन्य अस्पतालों को भेजी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आयरन की सप्लीमेंट गोली, कलर बदलने और टूटफूट की थी शिकायत

टूटफूट एवं रंग बदलने की शिकायतों के आधार पर सीजीएमएससी ने फेरस सल्फेट एंड फोलिक एसिड की टेबलेट सरकारी अस्पतालों से वापस मंगा ली है। दिलचस्प यह है कि शिकायतों के आधार पर दवा की सप्लाई होल्ड करवाकर जांच कराई, तो रिपोर्ट ओके मिली थी। इस दवा का उपयोग आयरन के सप्लीमेंट के रूप में किया जाता है। सीजीएमएससी के रायपुर ड्रग वेयर हाउस ने आंबेडकर समेत तमाम सरकारी अस्पतालों को सूचना भेजकर इस दवा की बैच क्रमांक एफएफआर 240703 को वापस करने निर्देशित किया है। लाल रंग की इस दवा का उपयोग एनीमिया या गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी को दूर करने के लिए किया जाता है। दवा की सप्लाई सिपको फार्मास्क्यूटिकल द्वारा सीजीएमएससी के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में की गई थी। सूत्रों के अनुसार कुछ समय पहले अस्पतालों से संबंधित दवा की क्वालिटी को लेकर शिकायतें आई थीं। इस आधार पर दवा निगम के अधिकारियों ने संबंधित बैच की दवा के उपयोग को होल्ड कराया था। इसके बाद दवा की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में दवा को मानक के अनुरूप पाया गया था। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि शिकायत गंभीर थी, इसलिए एहतियात बरतते हुए उक्त बैच की दवा को वापस बुला लिया गया है। दवा सप्लायर कंपनी को संबंधित बैच की टेबलेट को रिप्लेस करने का निर्देश जारी किया गया है।



### ब्रांडेड दवा भी सस्ती

चिकित्सकों के अनुसार फोलिक एसिड की ब्रांडेड दवा भी बाजार में उपलब्ध है, इसकी कीमत काफी कम है। सरकारी अस्पतालों में गर्भावस्था में जांच के लिए आने वाली महिलाओं को अन्य दवाओं के साथ आयरन की कमी को दूर करने यह टेबलेट सामान्यतः सभी को वितरित किया जाता है। दवा की क्वालिटी को लेकर शिकायत और उसे वापस मंगाने का आदेश काफी समय बाद सामने आया है।




### हरिभूमि ने ये दोनों खबरें प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की थीं

## पुलिस रिकॉर्ड हटाए गए, एसपी भवन को तोड़ने का काम भी शुरू

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि की खबर का असर यह है कि कलेक्टोरेट स्थित पुलिस अधीक्षक भवन के एक जर्जर कमरे में कूड़े की तरह डंप किए गए पुलिस विभाग के सारे पुराने दस्तावेजों को यहां से हटाकर अब दूसरी जगह शिफ्ट कर सुरक्षित किया गया है। वहीं कंपोजिट बिल्डिंग के कार्य में बाधा बन रहे एसपी भवन ⏭ शेष पेज 11 पर



एसपी कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद पुराने रिकार्ड डंप पड़े

### नष्ट होने से पहले शिफ्ट किए गए सारे रिकार्ड

एसपी दफ्तर और रिकार्ड रूम को खाली करने के दौरान एसपी दफ्तर को पुराना संभाग आयुक्त भवन में शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन रिकार्ड रूम में रखे सारे ⏭ शेष पेज 11 पर

### टेंडर होने के 3 साल बाद एसपी भवन को तोड़ने का कार्य शुरू

कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय के लिए 5 मंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य वर्ष 2023 से प्रस्तावित है। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए कांग्रेस शासनकाल में मंजूरी दी गई थी, लेकिन कई कारणों से एसपी भवन को तोड़ने का कार्य रुका रहा। इस तरह लगभग तीन साल बाद इसे तोड़ने का कार्य शुरू हो पाया है।

### चुनाव-एसआईआर एसपी दफ्तर की शिफ्टिंग के कारण टूटा नहीं भवन

कलेक्टोरेट-एसपी कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण कार्य में कई तरह की बाधाएं सामने आई हैं। कांग्रेस शासन काल में स्वीकृत हुए इस प्रोजेक्ट को भाजपा की सरकार आने के बाद दोबारा वित्त विभाग से मंजूरी दिलाई गई। इसके बाद विधानसभा चुनाव, लोकसभा और फिर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। ये सभी चुनाव निपटने के बाद एसपी कार्यालय भवन इस कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण में बाधा बना हुआ है। एसपी दफ्तर की शिफ्टिंग के कारण लगभग 8 महीने तक यहां कार्य शुरू ⏭ शेष पेज 11 पर

# हाउसिंग बोर्ड अब बना अधोसंरचना विकास मंडल, बनाएगा सड़क, पुल, हवाई अड्डे, सीवेज और वाटर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*छत्तीसगढ़ का गृह निर्माण मंडल अब पहले से अधिक शक्तिशाली होकर काम कर सकेगा। राज्य सरकार ने इसे अब अधोसंरचना विकास मंडल भी बना दिया है। इसके लिए सरकार ने विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित कराया था, इसे अब राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। नए अधिनियम के तहत मंडल अब सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों, सीवेज प्रणालियों और शहर-स्तरीय जल आपूर्ति प्रणालियों के निर्माण की योजनाएं बना सकेगा और उन्हें लागू कर सकेगा। इस संशोधन के साथ ही अब 'छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल' का नाम बदलकर 'छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल' कर दिया गया है। मंडल का नया नाम अब इसकी विस्तारित भूमिका को दर्शाएगा, जिसमें आवास के साथ-साथ 'अधोसंरचना विकास' को भी जोड़ा गया है।*

## दूसरे निकायों को देगा सलाह

अब यह मंडल स्थानीय निकायों (नगर निगमों, पालिकाओं और पंचायतों) तथा नगर विकास प्राधिकरणों को उनकी तकनीकी और वित्तीय क्षमता में सुधार के लिए परामर्श सेवाएं भी प्रदान करेगा। अधिनियम के खंड 33-क के माध्यम से मंडल को व्यापक अधिकार दिए गए हैं, जिससे वह मास्टर प्लान को लागू करने और नगर निवेश स्कीमों (टीपीएस) को तैयार करने में सक्षम होगा। इसके अलावा, मंडल अब राज्य शासन द्वारा सौंपे गए स्लम पुनर्विकास जैसे किसी भी अन्य प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन भी कर सकेगा।

- सरकार के संशोधन विधेयक को मिली राज्यपाल की अनुमति
- छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) अधिनियम भी मंजूर




## पीपीपी मॉडल के साथ रीडेवलपमेंट भी करेगा

*हाउसिंग बोर्ड को अब पुरानी कॉलोनियों, जर्जर भवनों और कम उपयोग वाली जमीनों के पुनर्विकास (रीडेवलपमेंट) की शक्ति दी गई है। साथ ही, आवास और बुनियादी ढांचे के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) आधारित परियोजनाओं पर काम करने की अनुमति भी मिल गई है।*

## अब नगर विकास प्राधिकरण भी

राज्य सरकार ने एक और विधेयक विधानसभा में पारित कराया था, इसे भी राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। यह विधेयक छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) अधिनियम, 2026' है। यह नया कानून तत्काल प्रभाव से पूरे राज्य में लागू हो गया है । अब राज्य सरकार किसी भी विशिष्ट योजना क्षेत्र के लिए मौजूदा नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त अन्य निकायों को भी 'प्राधिकरण' के रूप में काम करने के लिए नामित कर सकेगी।

## किन्हें मिल सकती है प्राधिकरण की जिम्मेदारी?

अब सरकार इन निकायों को विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरण के रूप में नामित कर सकेगी। राज्य सरकार की कोई भी एजेंसी। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियां । नगरीय स्थानीय निकाय (केवल अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर)। नामित किए गए इन निकायों को सरकार वे सभी शक्तियां और उत्तरदायित्व सौंप सकेगी जो एक विकास प्राधिकरण के पास होते हैं । इसमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। नगर विकास योजनाओं की तैयारी। योजनाओं का निष्पादन,नगर विकास योजनाओं क्रियान्वयन। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से राज्य के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और व्यवस्थित टाउन प्लानिंग में तेजी आएगी। अब विशिष्ट प्रोजेक्ट्स के लिए सरकार अपनी विशेषज्ञ कंपनियों या निकायों को सीधे जिम्मेदारी सौंप सकेगी, जिससे काम के दोहराव से बचा जा सकेगा और परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप




### राप्रसे अफसरों को अब मिलेगा बिना पद की बाध्यता के उच्चतर वेतनमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेवा नियमों में संशोधन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार, अब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उच्चतर वेतनमान प्राप्त करने के लिए संबंधित पद की उपलब्धता का इंतज़ार नहीं करना होगा। मुख्य संशोधन और प्रावधाननिर्धारित सेवा अवधि पर लाभः राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उनकी निर्धारित अर्हताकारी सेवा पूर्ण होने पर आगामी उच्चतर वेतनमान प्रदान किया जाएगा। पद की बाध्यता खत्म- यह लाभ संबंधित पद की उपलब्धता की अनिवार्यता के बिना, अर्हता पूर्ण करने की तिथि से ही प्रभावी होगा। उच्चतर वेतनमान प्राप्त कर चुके अधिकारियों को भविष्य में पद उपलब्ध होने पर विभागीय आदेश द्वारा उचित पदनाम सौंप दिया जाएगा। इसके लिए दोबारा समिति की अनुशंसा की आवश्यकता नहीं होगी। इस निर्णय से राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति के लिए रिक्तियों के अभाव में होने वाले आर्थिक नुकसान से राहत मिलेगी और समय पर वित्तीय लाभ सुनिश्चित हो सकेगा।

### विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज

**रायपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक के लोकसभा में गिरने के बाद भाजपा ने इसके लिए विपक्ष को दोषी ठहराते हुए अब भाजपा शासित राज्यों के विधानसभाओं में विशेष सत्र बुलाकर इस पर चर्चा करने की रणनीति तैयार की है। मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल को बुलाया गया है। सत्र के लिए रणनीति बनाने कांग्रेस विधायक दल की बैठक 29 अप्रैल को शाम 7 बजे राजीव भवन में होगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा प्रदेश के वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य और 30 अप्रैल को शुरू होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर विपक्ष अपनी रणनीति बनाएगा।

लापरवाह अधिकारी-कर्मचारी पर होगी सख्त कार्रवाई

# राजस्व कार्यों में ढिलाई पर मंत्री सख्त, कहा- लंबित प्रकरणों के निपटारे और राजस्व वसूली में तेजी लाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों से सुशासन, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से जनहितैषी कार्यों को पूरा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण, आपदा प्रबंधन की तैयारियों और विभागीय आधुनिकीकरण पर विशेष चर्चा की।

बैठक में नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार और सीमांकन जैसे राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा की गई। मंत्री ने स्पष्ट कहा, त्रुटि सुधार संबंधी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। यदि समय-सीमा में कार्य नहीं होता है, तो लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए एग्रीस्टेक के तहत जियो रिफ्रेसिंग, डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाएं। साथ ही, नक्शा प्रोजेक्ट और जियोरिफ्रेसिंग के कार्यों में हो रहे विलंब को अगले 3 महीनों के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।



### रायपुर में कम राजस्व वसूली, अफसर पर कार्रवाई के निर्देश

उन्होंने ऑटो डायवर्सन पोर्टल और विभिन्न राजस्व वसूलियों की समीक्षा करते हुए रायपुर जिले में राजस्व वसूली की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय बजट वर्ष 2025-26 एवं आगामी बजट 2026-27 के संबंध में भी चर्चा की गई।

### पट्टा वितरण करने 31 जुलाई तक दें जानकारी

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आबादी पट्टा वितरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में राजस्व अधिकारी 31 जुलाई तक सभी लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी उपलब्ध कराएं। इसी तरह आगामी समय को देखते हुए आपदा प्रबंधन की तैयारी में किसी प्रकार की कोई कमी नही होना चाहिए। आकाशीय बिजली से बचाव और स्कूल तथा अस्पताल भवनों की सुरक्षा के लिए निर्देश दिए। साथ ही, अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए प्राप्त राशि का समुचित व्यय सुनिश्चित करने हेतु चिन्हित जिलों में अतिशीघ्र कार्यवाही के भी निर्देश दिए।

### स्वामित्व कार्ड वितरण में लाएं तेजी

बैठक में मंत्री ने हितग्राही मूलक योजनाओं दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना और स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वामित्व कार्ड वितरण में तेजी लाने हेतु आगामी 3 महीनों का लक्ष्य निर्धारित किया। इसी तरह राजस्व निरीक्षकों के कार्यभार और तहसीलदारों के लिए वाहन क्रय संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई। नायब तहसीलदारों की परिवीक्षा अवधि एवं तहसीलदारों की पदोन्नति की प्रक्रिया हर साल नियमित समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

# श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अब लांच हुआ ई-श्रम साथी एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में श्रम विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदानी अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखन देवांगन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिकों को घर बैठे रोजगार की जानकारी सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ई-श्रम साथी मोबाइल एप्लिकेशन छत्तीसगढ़ डिजिटल लेबर चौक का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में श्रमिकों के हित में व्यापक पहल हुई है और चार नई श्रम संहिताएं लागू की गई हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रमिकों को सुरक्षित, संरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके।

**एप से मिलेगी नई गति : साय**



### औद्योगिक इकाइयों का करें औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रम विभाग एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो बड़े पैमाने पर श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण भी तकनीक के माध्यम से किया जाए, ताकि श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। राज्य सरकार के इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है।

### सीएम ने की विभाग की समीक्षा

समीक्षा बैठक में श्रम विभाग की संरचना, श्रमायुक्त संगठन, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा तीनों प्रमुख मंडलों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रदेश के सभी जिलों में श्रम कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन और समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ दोनों सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर मुख्य सचिव विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, श्रम विभाग सचिव हिमशिखर गुप्ता, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बंसल सहित श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेसी पार्षद पर बड़ा आरोप, चोरी का पैसा छिपाने पर पार्टी ने किया निलंबित

## 50 लाख रुपए लूट के प्रकरण में कथित संलिप्तता पर जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक कारोबारी से 50 लाख रुपये लेकर फरार हुए ड्राइवर कृष्णा साहू के मामले ने अब सियासी रंग ले लिया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान इस प्रकरण में बिरगांव नगर निगम के पार्षद ओम प्रकाश साहू की कथित संलिप्तता सामने आने पर कांग्रेस संगठन ने सख्त कदम उठाया है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्षद ओम प्रकाश साहू को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव के अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने यह कार्रवाई की।




### जांच समिति का गठन

प्रकरण की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया है। समिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव के अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, लखन साहू, मंडल अध्यक्ष शिव साहू (पार्षद), संतोष साहू (पार्षद), राजेन्द्र साहू (पूर्व एल्डरमेन) एवं कांग्रेस नेता अविनाश निहाल को सदस्य बनाया गया है। यह समिति मामले की विस्तृत जानकारी एकत्र कर तथ्यों सहित अपनी रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण को प्रस्तुत करेगी।

### पुलिस जांच में खुलासा पार्षद की भूमिका संदिग्ध

*जानकारी के मुताबिक, आरोपी ड्राइवर कृष्णा साहू द्वारा लिए गए पैसों को छिपाने में ओम प्रकाश साहू की भूमिका सामने आई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। खुलासे के बाद मामला केवल आपराधिक घटना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक विवाद का रूप ले चुका है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री (संगठन) मलकीत सिंह गेंदू को भेज दी गई है, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी कानून के शासन में पूर्ण विश्वास रखती है और इस मामले में निष्पक्ष जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई का समर्थन करती है। यदि भविष्य में और तथ्य सामने आते हैं, तो पार्टी और भी कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी।*




राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाने की तैयारी

# डेढ़ साल बाद मई के पहले सप्ताह में होगी भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति करीब डेढ़ साल बाद अब जाकर तय हुई है। मई के पहले सप्ताह में इसे करने की तैयारी प्रारंभ हो गई है। कार्यसमिति में राष्ट्रीय संगठन का कोई बड़ा नेता आएगा। नेता का नाम और समय तय होने पर तारीख का ऐलान किया जाएगा। कार्यसमिति के राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाने की तैयारी है।

कार्यसमिति से पहले परिचय के लिए होने वाली प्रदेश संगठन की एक बैठक को अब न करने का भी फैसला किया गया है। प्रदेश कार्यसमिति हर तीन माह में करने का प्रावधान तो है, लेकिन इसके लिए सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति होती है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में जो तीन माह की कार्ययोजना तय होती है, उसी पर प्रदेश कार्यसमिति में चर्चा होती है। इसके बाद जिलों और फिर मंडल में कार्यसमिति होती है। छत्तीसगढ़ में सितंबर 2024 में भाजपा के सदस्य अभियान से पहले प्रदेश कार्यसमिति हुई थी, इसके बाद से करीब डेढ़ साल से कार्यसमिति नहीं हुई है। किरण देव को भाजपा का पूर्वकालिक अध्यक्ष बने भी साल भर से ज्यादा हो गया है, लेकिन उनके कार्यकाल में अब तक एक भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। जानकारों का कहना है कि पहले कभी इतने लंबे समय तक कार्यसमिति का इंतजार करना नहीं पड़ा था।



### अहम होगा राजनीतिक प्रस्ताव

कार्यसमिति में सबसे अहम राजनीतिक प्रस्ताव रहता है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के साथ ही प्रदेश स्तर का राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाता है। इस बार राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पास न होने को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर इस मामले में देश भर में निंदा प्रस्ताव लाया जा रहा है। इसको लेकर भाजपा की जिन भी राज्यों में सरकार है, वहां पर विधानसभा के साथ ही नगरीय निकायों में भी विशेष सत्र और सभाएं बुलाकर निंदा प्रस्ताव लाए जा रहे हैं। एक दिन पहले ही रायपुर नगर निगम में सामान्य सभा करके निंदा प्रस्ताव लाया गया है। अब 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया गया है। इसमें भी निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी है। इसी कड़ी में अब भाजपा के राज्यों में राज्य संगठनों में कार्यसमिति करके भी निंदा प्रस्ताव लाने की योजना है।

## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षा परिणाम घोषित

**तरपोंगी।** सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में छात्र, अभिभावक एवं समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण शामिल हुए। जिसमें विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। छात्र अपने अभिभावकों के साथ परिणाम जानने के लिए बहुत ही उत्सुक नजर आए। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से संवाद कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रथम से चतुर्थ व षष्ठ, सप्तम कक्षाओं के मेधावी छात्रों ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी।

### सड़क दुर्घटना में मृत महिला के परिजनों को मिला 10 लाख का बीमा क्लेम

धरसीवां / कूंरा। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने अपनी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ग्राम पंचायत कुथरेल निवासी स्व. कांति बाई यादव के परिजनों को 10 लाख की बीमा राशि का चेक प्रदान किया। विदित हो कि ग्राम कुथरेल निवासी कांति बाई यादव का छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, शाखा सिलयारी में बैंक खाता था, जिसके माध्यम से वे एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की योजना से जुड़ी हुई थीं। दुर्भाग्यवश, 15 जून 2025 को एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। 28 अप्रैल को बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूर्ण की गई। वरिष्ठ प्रबंधक रविन्द्र नाथ जोगी एवं प्रभु लिंगप्पा बेदी के मार्गदर्शन में, सिलयारी शाखा प्रबंधक श्री आनंद कामवरपू और कार्यालय सहायक किरपाल ने मृतिका के पुत्र व नामांकित व्यक्ति हेमंत यादव को 10 लाख का चेक भेंट किया।

### निधन

**मनहरण चन्द्राकर**

**आरंग।** ग्राम रसनी निवासी स्व. डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर के सुपुत्र दाऊ मनहरण चन्द्राकर (बल्लू दाऊ) का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को हुआ। वे तुलाराम चन्द्राकर, जगमोहन चन्द्राकर के भाई, शुभम चन्द्राकर के पिता, कुमार गौरव चन्द्राकर के चाचा थे।



## सियासत : कांग्रेस के विरोध में भाजपाइयों ने जमकर की नारेबाजी

# महिला आरक्षण बिल पर प्रदर्शन:भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

संसद में महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर विपक्षी दलों पर भाजपा महिला और युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में भाजपाइयों ने मंगलवार को रोष प्रकट करते हुए घेरा। दीनदयाल चौक पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए उनका पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व संयुक्त रूप से शहर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रानी जैन, जिला पंचायत सदस्य स्वाती वर्मा.पार्षद ज्योति नागवानी, और युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष दीपक वर्मा ने किया। तेज धूप होने के बावजूद महिला मोर्चा की कार्यकर्ता दीनदयाल चौक पर एकत्रित हुईं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर कांग्रेस विरोधी नारे लगाए। कुछ देर बाद महिला भाजयुमो और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।





प्रदर्शन में शामिल भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात तो करती है, लेकिन संसद में महिला आरक्षण जैसे मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखाती। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण बिल लेकर आए, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका समर्थन नहीं किया। उनका कहना था कि महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अवसर मिलना चाहिए और महिला आरक्षण बिल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिला सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर उनका विरोध आगे भी जारी रहेगा। महिला मोर्चा की जिला महा मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी स्वाती वर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने लोकसभा में 33% महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, जिससे यह ऐतिहासिक बिल गिर गया। इसका हम पुरजोर विरोध कर रहे है .उन्होंने कहा कि यह बिल महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए था, जिसे कांग्रेस ने अपने निहित स्वार्थों के लिए रोका गया हमारा विरोध आगे भी जारी रहेगा।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करना सोची समझी साजिश

भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष रानी जैन ने कहा लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक याने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास न हो पाने के विरोध में कांग्रेस के खिलाफ महिलोओ ने भाजपा के साथ मिलकर आक्रोश जताया ,और लोकसभा में 33% महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं करने वाली कांग्रेस के नेता का पुतला दहन किया गया । उन्होंने आरोप लगाया कि इस बिल का विरोध करना विपक्ष की एक सोची-समझी साजिश है ताकि महिलाओं को मुख्यधारा से दूर रखा जा सके। जिला ग्रामीण मंत्री अनुराधा वर्मा ने कहा महिला आरक्षण बिल देश की आधी आबादी को उनका वाजिब हक और राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए जो ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, यह बिल उसकी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। भाजयुमो के शहर अध्यक्ष दीपक वर्मा ने कहा कि भाजपा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने विपक्ष के रुख को विकास विरोधी करार दिया।

### ये रहे मौजूद

इस रोष प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद कृष्णाशर्मा,भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी चंद नागवानी.शहर महामंत्री सुरेश वर्मा मंडल,दिनेश पंजवानी, बेबी गोस्वामी, मंजू तिवारी, देवकी वर्मा,लक्ष्मी वैष्णव, मनीष वर्मा, नरसिग वर्मा गोपाल साहू सहित भाजपा के शहर पदाधिकारी मौजूद रहे।

### इंडी गठबंधन के खिलाफ भाजपा का जोरदार प्रदर्शन

**अभनपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा खोरपा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के विरोध में इंडी गठबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकतार्ओं ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल है। इसे रोकने या बाधित करने का प्रयास महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से अधिक सशक्त बनाने के लिए यह अधिनियम जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकतार्ओं ने एकजुट होकर महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रभारी भूमिका साहू, मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री रवि वर्मा,अनिल साहू, उपाध्यक्ष महेश सोनवानी, भाजयुमो अध्यक्ष शशिकांत साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्वशी साहू, ईश्वर साहू ,खुमेश यदु, जागृति साहू, गीता साहू, शांति साहू, लता पाल, कुमारी प्रेरणा शर्मा, आकाश शर्मा, हिमांशु साहू, यश साहू, पुरुषोत्तम साहू, हेमलाल सोनकर, सुनील साहू, योगेश्वर साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में गिरने से रोष, भाजपाइयों ने फूंका पुतला

**आरंग।** नारी शक्ति वंदन विधेयक को षडयंत्र पूर्वक विपक्ष द्वारा असफल किए जाने के विरोध में आज महिला मोर्चा एवं समोदा मंडल भाजपा द्वारा अछोला समोदा चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया। जिसमें नगर पंचायत समोदा अध्यक्ष छोटे लाल सोनकर, जिला रायपुर ग्रामीण मंत्री पीलाराम निषाद, समोदा मंडल अध्यक्ष देवकुमार साहू, कार्यक्रम पभारी जिला रायपुर ग्रमीण सह कोषाध्यक्ष सकून बंजारे, युवा मोर्चा जिला महामंत्री लुकेश साहू, युवा मोर्चा जिला मंत्री खुलेश साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश्वरी देवांगन, गोविंद वर्मा युवा मोर्चा समोदा मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नेतराम वर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री रुद्रानी साहू, उषा धीवर, लीला सिंहा महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी, पूजा वर्मा, छन्नी साहू, संदीप सिंहा युवा मोर्चा महामंत्री, दीपक वर्मा, मोहन मुकेश साहू, लेमन खांडे, एससी मोर्चा महामंत्री, टिकेश्वर पटेल बूथ अध्यक्ष, बृजेश्वर बंजारे, सह मीडिया प्रभारी समोदा मंडल, सोशल मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर साहू एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण शामिल हुए।



## मां मातंगीधाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमासाई महाराज को जान से मारने की धमकी



**अभनपुर।** क्षेत्र स्थित मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमासाई महाराज को व्हाट्सएप के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला प्रकाश मे आया है। घटना के बाद उन्होंने थाना अभनपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तथा स्वयं, अपने परिवार और धाम से जुड़े श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार डॉ. प्रेमासाई महाराज धार्मिक और सामाजिक विषयों पर लगातार सक्रिय रहे हैं। वे धर्म, समाज, धर्मांतरण और हिंदू जागरण जैसे मुद्दों पर विभिन्न मंचों से प्रवचन देते हैं। उनके नेतृत्व में समय-समय पर हिंदू एकता शोभायात्रा, हिंदू जगाओ शोभायात्रा और दिव्य दरबार जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों का आयोजन होता रहा है, जिनमें प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। थाने में शिकायत के अनुसार 10 अप्रैल को जब डॉ. प्रेमासाई महाराज अपने परिवार के साथ केरल में निजी प्रवास पर थे, उसी दौरान उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगातार अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

डॉ. प्रेमासाई महाराज ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि पूर्व में भी उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि इस बार परिवार को निशाना बनाए जाने के कारण मामला और अधिक गंभीर हो गया है। उन्होंने आशंका जताई है कि इस तरह की धमकियां उनकी सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों से जुड़ी हो सकती हैं। पीठाधीश्वर ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र पहचान कर उसके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। इधर थाना अभनपुर पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### क्रिकेटर शूजाउद्दीन सम्मानित

**धरसीवां / कूंरा।** धरसीवां सिलतरा के रहने वाले नेशनल क्रिकेट प्लेयर गाजी शूजाउद्दीन को फिर से एक बार राजीव गांधी खेल पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। सिलतरा पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों का खेल का आयोजन किया गया था, जिसमें गाजी शूजाउद्दीन को अतिथि के रूप में बुलाकर यह सम्मान दिया गया, सम्मान मिलने का कारण पिछले 16 साल से गाजी शूजाउद्दीन भारत के अलग-अलग राज्य में खेल का प्रदर्शन किया एवं नेपाल में भी 2013-14, 16, 2018 में टी-20 सीरीज में भाग लिया था। इस प्रकार धरसीवां सिलतरा क्षेत्र के युवाओं को गाजी ने खेल के प्रति प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंचायत के सरपंच शांति वर्मा, उपसरपंच रामकुमार वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो वर्मा, जिलापंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद, आदित्य बघेल, मनीष वर्मा, शीतल वर्मा आदि शामिल हुए थे।

## सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराने वाले दो गिरफ्तार




**अभनपुर।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 27 अप्रैल को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शनिचरी बाजार स्थित रंगमंच के पास दो युवक चाकू लहराते हुए राहगीरों को भयभीत कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। मौके पर एक युवक हाथ में धारदार चाकू लहराते मिला, जबकि दूसरा पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ओम प्रकाश साहू उम्र 26 वर्ष निवासी बड़े उरला तथा गोपेश साहू उम्र 26 वर्ष निवासी अभनपुर बस्ती बताया। पुलिस ने ओम प्रकाश साहू के पास से एक लोहे का धारदार चाकू जब्त किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म एक्ट धारा 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## पेज 09 के शेष

### तेलीबांधा तालाब किनारे सड़क ...

वहां बोर्ड लगाया और वहां गाड़ियां पार्क करने वालों से दोपहिया पार्क करने पर 12 घंटे तक 10 रुपए और चारपहिया के लिए प्रत्येक 4 घंटे का 20 रुपए पार्किंग शुल्क लेना शुरू किया गया। जीई रोड के मुख्य मार्ग की सड़क पर पार्किंग शुल्क वसूलने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने तेलीबांधा मुख्य मार्ग स्थित सड़क के निजीकरण का विरोध करते हुए सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। तब महापौर मीनल चौबे ने यह स्पष्ट किया कि यातायात सुधार के लिए यह अस्थायी व्यवस्था बना रहे हैं जिसमें मरीन ड्राइव में सुबह और शाम मार्निंग व इवनिंग वॉक पर आने -जाने वालों से पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनके लिए तालाब किनारे वाली गली में पार्किंग की अलग व्यवस्था रहेगी।जो लोग वहां खाने पीने या घंटों समय बिताने के मकसद से तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में आते हैं उनसे निर्धारित पार्किंग शुल्क लिया जाएगा।

### पुलिस रिकॉर्ड हटाए गए, ...

को भी तोड़ने का काम शुरू हो गया है। हरिभूमि ने ये दोनों खबरें प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की थी। पुलिस विभाग ने इस खबर के बाद दस्तावेजों को हटाने तथा और पीडब्ल्यूडी विभाग ने एसपी भवन को तोड़ने का कार्य शुरू करा दिया है।

एसपी भवन को तोड़े बिना कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू

इधर पीडब्ल्यूडी विभाग कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण को लेकर पहले ही वर्कआर्डर जारी कर चुका था। इसे देखते हुए निर्माण एजेंसी ने एसपी भवन के टूटे बिना ही करीब दो से तीन माह पहले यहां कार्य शुरू कर दिया है। एसपी भवन से लगी खाली आधी जमीन पर ही खुदाई कर कॉलम तैयार कर लिए गए हैं। अब एसपी भवन को भी तोड़ा जा रहा है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरा भवन तोड़कर यहां भी खुदाई का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### नष्ट होने से पहले शिफ्ट किए...

दस्तावेजों को इस पुराने भवन के एक जर्जर हो चुके कमरे में डंप कर दिया गया था, जिसके कारण इन दस्तावेजों के नष्ट होने का खतरा लगातार मंडरा रहा था। इन दस्तावेजों को भी अब यहां से हटाकर दूसरी सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। साथ ही इस जर्जर कमरे को भी अब तोड़ा जा रहा है, ताकि यहां कंपोजिट बिल्डिंग के लिए रुका कार्य भी शुरू किया जा सके।

### चुनाव-एसआईआर एसपी दफ्तर की...

नहीं हो पाया। इसके बाद जब एसपी दफ्तर शिफ्ट हुआ ही था कि शहर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हो गई। इसके कारण एक बार फिर एसपी भवन को तोड़ने का कार्य अटक गया, क्योंकि यहां एक पुलिस अफसर का दफ्तर लग रहा था, जिसके कारण इसे तोड़ा नहीं जा सका।

### गर्मी से राहत देने ब्राह्मण समाज ने पिलाया स्वास्थ्यवर्धक मठा

**आरंग।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को नगर में विशाल पदयात्रा निकालकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं ब्राह्मण समाज द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पदयात्रा में शामिल विशाल जनसमुदाय को स्वास्थ्यवर्धक मठा वितरण किया गया। तत्पश्चात बस स्टैंड पहुंचकर सैकड़ों राहगीरों को भी मठा वितरण किया। वहीं श्री सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति, महामाया पारा आरंग द्वारा गौ माता की प्रसादी खिचड़ी तथा समाजसेवी यमंक पन्नालाल चंद्राकर ने आमरस वितरण किया। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में लोगों ने खिचड़ी, मठा और आमरस से बना पना का जमकर लुत्फ उठाया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक - 416 दिनांक - 10.01.2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 12 में स्वतंत्र भवन क्रमांक - SR MIG DUPLEX- 221 को श्रीमती संगीता अग्रवाल, पति श्री पवन कुमार अग्रवाल, एवं श्री पवन कुमार अग्रवाल पिता श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28.03.2025 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक - 2720 दिनांक - 17.04.2025 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्रीमती संगीता अग्रवाल, पति श्री पवन कुमार अग्रवाल, एवं श्री पवन कुमार अग्रवाल पिता श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल निवासी :- 16, लालगंगा विहार, आमापारा, जी. ई. रोड, रायपुर (छ. ग.) 492001, के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती गीतांजली पही पति श्री बिनोद बिहारी पही, निवासी :- उदयपुर, उदयपुर, पो. उदयपुर, जिला केन्दुझर, ओडिशा, पिन - 7758045 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ. सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-12 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक — SR MIG DUPLEX- 221 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, प्रिया डेम्बानी, पति श्री विशाल कुमार डेम्बानी, निवासी गायत्री नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) – 492007, ने अपना पुराना नाम प्रिया डेम्बानी बदलकर नया नाम पूजा नागवानी रख लिया है।

अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम पूजा नागवानी के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

आवेदनकर्ता
प्रिया डेम्बानी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -01**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल अठवानी पिता मनोहर लाल अठवानी निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर-57 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 252/10 रकबा 0.0095 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार / तहसीलदार / नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10/04/2026 के परिपालन में दिनांक 05/05/2026 को 02.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर के रायपुरा में स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर - 01

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -01**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री किशोर कुमार माखीजा पिता मोहन लाल सुखीजा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर-57 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 252/23 रकबा 0.0095 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार / तहसीलदार / नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10/04/2026 के परिपालन में दिनांक 05/05/2026 को 02.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर के रायपुरा में स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर - 01

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

क्रमांक/ Q ./वाचक/तह./2026

मंदिर हसौद, दिनांक 24.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुषमा चंद्राकर पति सीताराम चंद्राकर, निवासी- रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम- नरदहा, प.ह.नं.- 01, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर- मूल भूमि खसरा नंबर 1388/4 एवं 1389/4 कुल रकबा 0.061 हे. था किंतु बाद की रजिस्ट्री में त्रुटिवश उक्त भूमि को परिवर्तित करते हुए खसरा नंबर 1388/17 दर्ज कर दिया गया जिससे खसरा नंबर 1389 अभिलेखो मे विलोपित हो गया एवं वास्तविक स्थिति परिलक्षित नही हो रहा है। आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेख मे सुधार करते हुए खसरा नंबर 1389 को पुनः दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 08.05.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 24.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार,
मंदिर हसौद, (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 13/04/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती पुष्पा नेताम पति रामविचार नेताम, सा. मौलश्री विहार रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 355/1 रकबा 0.5060 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तु किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/ अति. तहसीलदार/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 13/04/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 28/04/2026 को समय 02 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील-रायपुर




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# डुप्लिकेट एमएसटी बनाकर स्टूडेंट्स रेलवे को लगा रहे थे चूना, 4 छात्र गिरफ्तार

## टिकट जांच स्क्वाड ने डुप्लिकेट एमएसटी रेल टिकट बनाने वाले स्टूडेंट्स को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रोजाना ट्रेन में मुफ्त सफर करने के लिए डुप्लिकेट एमएसटी टिकट बनाने वाले छात्रों की चालाकी मंगलवार को रेलवे की जांच के दौरान पकड़ी गई। रायपुर रेल मंडल की टीम दुर्ग में रायपुर–डोंगरगढ़ लोकल यात्रियों के टिकट चेक कर रही थी, तभी यह फर्जीवाड़ा सामने आया। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया छात्र 'यूटीएस ऑन मोबाइल' ऐप के एमएसटी टिकट की इमेज का दुरुपयोग कर रहा था। उसने ऐप से असली टिकट का स्क्रीनशॉट लिया और उसे एडिट कर अपना नाम, उम्र और अन्य जानकारियां बदल दीं, ताकि किसी को शक न हो। आमतौर पर भीड़ वाले समय में टीटीई एक नजर में टिकट देखकर आगे बढ़ जाते हैं, जिसका फायदा ये छात्र उठा रहे थे। मंगलवार को जांच के दौरान जब रेलवे की टीम ने ध्यान से मोबाइल स्क्रीन पर टिकट को देखा, तो एडिटिंग की पोल खुल गई और एक छात्र के साथ उसके अन्य साथी भी पकड़े गए।

### फर्जी टिकट बेचकर कमा रहे थे मुनाफा

पकड़े गए छात्रों ने सभी राज खोला। उनके मुताबिक, इस रैकेट में हर्ष नाम का एक अन्य छात्र भी शामिल है, जो सिर्फ मुफ्त सफर नहीं कर रहा था, बल्कि इन फर्जी टिकटों को दूसरे यात्रियों को बाकायदा बेचकर पैसे कमा रहा था। फिलहाल हर्ष रेलवे की पकड़ से बाहर है और उसकी तलाश जारी है। इस गंभीर मामले के सामने आने पर रायपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी टिकट जांच स्टाफ को निर्देश दिए हैं कि मोबाइल ऐप वाले टिकटों की अब और भी गहनता से जांच की जाए, ताकि कोई भी इस तरह की चालाकी न कर सके। पकड़े गए संदिग्ध लोगों में कुलदीप बिश्नोई, उम्र 20 साल, यू ओंकार उम्र 20 साल, अखिलेश साहू उम्र 19 साल, राहुल साहू उम्र 20 साल शामिल है।



### महीनों से कर रहे थे सफर

जानकारी मुताबिक ये छात्र फर्जी टिकट तैयार कर महीनों से रेलवे को चूना लगा रहे थे। आरपीएफ ने अब इसकी जांच शुरू कर दी है। इस तरह की रायपुर मंडल की पहली घटना है। इसके बाद अब टीटीई से टिकटों की जांच बढ़ा दी है, ताकि ऐसे लोग पकड़ आ सके। बात दें कि छात्र ने बड़ी चालाकी से इसे तैयार किया था। बारीकी से इसे देखने पर ही समझ आता है कि टिकट असली है या फिर फर्जी। इस वजह से रेलवे के पकड़ के बाहर था।

## बिजनेस साइट

### बोर्निओ मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल की प्रथम वर्षगांठ सिकलसेल क्लीनिक की शुरुआत



**रायपुर।** राजधानी स्थित बोर्निओ मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना का एक वर्ष पूरा कर लिया है। 29 अप्रैल 2025 से शुरू हुआ यह संस्थान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से भरोसेमंद पहचान बना चुका है। पिछले एक वर्ष में अस्पताल ने 250 से अधिक सफल प्रसव और 50 से ज्यादा हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी मामलों का सफल प्रबंधन किया है। अस्पताल ने जटिल चिकित्सा मामलों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जिसमें बहु-गंभीर बीमारियों से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी भी शामिल है। अस्पताल में रायपुर की पहली एलडीआरपी सुइट्स और वाटर बर्थिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे प्राकृतिक प्रसव को बढ़ावा मिल रहा है।



प्रथम वर्षगांठ पर अस्पताल ने सिकलसेल क्लीनिक की शुरुआत की है। 28 और 29 अप्रैल को निशुल्क सिकलसेल जांच, ओपीडी परामर्श और जेनेटिक काउंसिलिंग दी जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आईवीएफ और पीजीटी-एम तकनीक के जरिए सिकलसेल मुक्त भविष्य की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अस्पताल में डॉ. नवमिता माजी, डॉ. नुपुर खंडेलवाल, डॉ. परिधि जैन, डॉ. नीलम चंद्रा, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. रश्मि किस्पोट्टा, डॉ. वीरेंद्र कुमार कुजूर और डॉ. कविता सिन्हा जैसे विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं।

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में बुजुर्ग महिला की जटिल सर्जरी सफल

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 102 वर्षीय पुष्पा देवी (परिवर्तित नाम) की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। पिछले 12 वर्षों से वह सुप्राअम्बिलिकल हर्निया से पीड़ित थीं, जिसे सपोर्ट बेल्ट के सहारे संभाल रही थीं। हाल ही में हर्निया के अवरुद्ध हो जाने और गॉलब्लैडर में पथरी की समस्या सामने आने के बाद उनकी स्थिति गंभीर हो गई। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के नेतृत्व में डॉ. सिद्धार्थ तमस्कर, डॉ. जव्वाद नक़वी, डॉ. विक्रम शर्मा और डॉ. शमीक डेव की विशेषज्ञ टीम ने उच्च जोखिम वाली सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज की उम्र को देखते हुए प्री और पोस्ट ऑपरेटिव देखभाल में विशेष सावधानी बरती गई। सर्जरी के बाद महज चार दिनों में मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया और एक सप्ताह के भीतर वह सामान्य दिनचर्या में लौट आईं। यह सफलता बताती है कि आधुनिक चिकित्सा में उम्र इलाज की बाधा नहीं है।



### मित्तल कैंसर हॉस्पिटल में उन्नत पीईटी-सीटी स्कैन सुविधा शुरू

**रायपुर।** कैंसर के सटीक निदान और प्रभावी उपचार को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में रायपुर स्थित मित्तल कैंसर हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक पीईटी-सीटी सुविधा की शुरुआत की है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इस सुविधा के शुरू होने के मात्र ढाई महीनों में 400 से अधिक पीईटी-सीटी स्कैन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। पीईटी-सीटी जांच कैंसर की प्रारंभिक पहचान, सही स्टेजिंग, उपचार की योजना और उसके प्रभाव के आकलन में अहम भूमिका निभाती है। अस्पताल में यह उच्च स्तरीय जांच मात्र 13 हजार रुपये की किफायती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ कम हो। अस्पताल की पीईटी-सीटी यूनिट अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जो उच्च गुणवत्ता की इमेजिंग उपलब्ध कराती है। मित्तल कैंसर हॉस्पिटल में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, कैंसर सर्जरी और पीईटी-सीटी जैसी समग्र सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत भी मरीजों को उपचार का लाभ दिया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### सीएम साय ने सुंदरानी को दी जन्मदिन की बधाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही उनके पूर्व विधायक कार्यालय देवेंद्र नगर पर लोगों का तांता लगा रहा। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिठाई वितरित कर खुशी जाहिर की। कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। महापंचायत सेवा प्रदेश प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दूरभाष पर जन्मदिन की बधाई दी एवं उनके समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने बधाइयां दीं तथा उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

### दैवेभो कर्मचारी फेडरेशन 1 मई को करेगा घेराव

**रायपुर।** मजदूर दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा 1 मई को रायगढ़ स्थित वित्तमंत्री निवास-कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में फेडरेशन के प्रदेश संयोजक रामकुमार सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जन घोषणापत्र तैयार कर मोदी की गारंटी का नियमितीकरण करने, स्थायीकरण करने का वादा किया था। इसके बावजूद भी जिम्मेदार मंत्री अपने वादे से मुकर रहे हैं।

## निधन

### लालजी सोनी



**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी लालजी सोनी (83) का 27 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. मनीलाल सोनी के पुत्र और आलोक सोनी के पिता व शिवम, सत्यम के दादाजी थे।

### आशा शर्मा



**रायपुर।** कमल विहार निवासी आशा शर्मा (73) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अप्रैल को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. केके शर्मा की पत्नी, मेहुल शर्मा की माता एवं मार्कफेड के सेवानिवृत्त डीएमओ हरीश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, राजेश शर्मा की बड़ी बहन थीं।

### सेवाओं के लिए सरकार ने तय की है एक हफ्ते से 1 माह तक की समय सीमा

# सीएस की सख्ती बेअसर, लोक सेवा गारंटी के हजारों आवेदन 1 साल से ज्यादा से लंबित

**खास बातें**

- 1 मई से प्रदेशभर में शुरू हो रहा सुशासन तिहार
- जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र भी समय पर नहीं बन पा रहे
- बंदोबस्त त्रुटियों में सुधार के ही 1 हजार से ज्यादा मामले 1 साल से ज्यादा से पेंडिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जनता से जुड़ी सेवाओं के आवेदनों का समय पर निराकरण नहीं होने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मुख्य सचिव विकासशील ने पखवाड़ेभर पहले समीक्षा की थी। उन्होंने अफसरों से दो टूक कहा था कि जन सेवाओं से जुड़े सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण हो और इसके लिए जवाबदेही भी तय की जाए। उन्होंने ज्यादातर सेवाओं का निराकरण ऑनलाइन करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इन निर्देशों का अब तक असर होते नहीं दिख रहा। प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के ही हजारों मामले समय सीमा खत्म होने के महीनों बाद भी लंबित पड़े हैं। आवेदक न्यायालयों के चक्कर लगाकर परेशान हैं।

राज्य सरकार ने सालभर पहले दर्जनभर से ज्यादा सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के दायरे में शामिल कर उनके निराकरण के लिए समय सीमा तय की थी। ज्यादातर सेवाओं के लिए 7 दिन से 30 दिन की समय सीमा तय है, लेकिन समय सीमा से कई गुना ज्यादा समय निकलने के बाद भी इन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है।

### बंदोबस्त त्रुटियों में सुधार के 1 हजार मामले सालभर से पेंडिंग

किसान बंदोबस्त में त्रुटियों से खासे परेशान रहते हैं । इस परेशानी को देखते हुए ही सरकार ने इस सेवा को भी लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया था। इस सेवा से जुड़े आवेदनों के निराकरण के लिए 15 दिन की समय सीमा तय है । राजस्व न्यायालयों में 21 सौ से ज्यादा आवेदन वर्तमान में लंबित हैं। इनमें 1 हजार से ज्यादा आवेदन एक साल से भी ज्यादा समय वाले हैं। राजस्व न्यायालयों में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के भी 3 सौ से ज्यादा आवेदन लंबित हैं। इन आवेदनों के निराकरण के लिए सरकार ने सिर्फ एक हफ्ते की समय सीमा तय की है।

### 1 मई से शुरू हो रहा सुशासन तिहार

प्रदेश में 1 मई से सुशासन तिहार शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में जाएंगे। उनके अभियान को देखते हुए शासन ने सभी जिलों में अधिकारियों को 30 अप्रैल तक लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन महीनों और सालों से लंबित आवेदनों का 2 दिन के भीतर निराकरण होने की संभावना नहीं है।

### सीमांकन, व्यपवर्तन के ही 6 हजार मामले लंबित

राज्य सरकार ने सीमांकन और व्यपवर्तन के लिए 30 दिन की समय सीमा तय की है, लेकिन प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में इन दोनों सेवाओं के साढ़े 6 हजार मामले लंबित हैं । सीमांकन के 42 सौ मामले ऐसे हैं, जो 0 से 3 माह से लंबित हैं, जबकि 323 मामले 3 से 6 माह वाले हैं। 868 मामले ऐसे हैं जो 1 साल से भी ज्यादा समय से पेंडिंग हैं। आवेदक इन मामलों के निराकरण के लिए न्यायालयों के चक्कर लगाने मजबूर हैं। इसी तरह व्यपवर्तन के लिए भी 30 दिन की समय सीमा तय है । लेकिन इसके भी 1083 मामले अदालतों में लंबित हैं । इनमें भी 114 मामले ऐसे हैं जो 1 साल से भी ज्यादा समय से लंबित हैं।

# देर रात नाबालिग की चाकू मारकर हत्या, सुबह थाने का घेराव, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में हत्या की घटनाएं अब आम हो गई हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचशील नगर जोगी इलाके में एक नाबालिग लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना सोमवार की देर रात की है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने थाने का घेराव भी किया, लेकिन पुलिस रातभर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई, जिसके बाद मंगलवार को मोहल्लेवासियों ने थाने का घेराव करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर ही इस हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 12 बजे चाकूबाजी की घटना में 16 वर्ष के एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मोहल्लेवासियों के अनुसार पंचशील नगर के पास जोगी मोहल्ला में काशीराम नगर के कुछ युवक चाकू लेकर पहुंचे थे और कुछ बाघ से विवाद कर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। घटना के बाद लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद देर रात मृतक के परिजनों ने थाने में जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी, जिस पर पुलिस ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। हालांकि पुलिस ने सभी को समझाइश देकर वापस भेज दिया। आरोपियों में आर्यन, धीरज के अलावा अन्य दो शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज होगी छग जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक 29 अप्रैल को अपरान्ह साढ़े तीन बजे से मंत्रालय (महानदी भवन), नवा रायपुर अटल नगर में होगी। इस आशय का पत्र आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री एवं जनजातीय सलाहकार के परिषद के उपाध्यक्ष रामविचार नेताम सहित प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रीगण, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी एवं परिषद के सभी सदस्य उपथित रहेंगे। छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में 11 मार्च 2025 की कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा भी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। बैठक में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा, जिसमें संस्थान में रिक्त पदों की भर्ती विषयक, उच्च स्तरीय प्रवर्तन एवं छानबीन समिति हेतु टीआई पद स्थापना तथा संग्रहालय में जनजातीय धार्मिक स्थलों के निर्माण एवं प्रदर्शन जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। इसके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन पर राज्यपाल प्रतिवेदन वर्ष 2024-25 के अनुमोदन अन्य महत्वपूर्ण जनजातीय विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## पेज 9 के शेष

### तेलीबांधा तालाब ...

वहां बोर्ड लगाया और वहां गाड़ियां पार्क करने वालों से दोपहिया पार्क करने पर 12 घंटे तक 10 रुपए और चारपहिया के लिए प्रत्येक 4 घंटे का 20 रुपए पार्किंग शुल्क लेना शुरू किया गया। जीई रोड के मुख्य मार्ग की सड़क पर पार्किंग शुल्क वसूलने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने तेलीबांधा मुख्य मार्ग स्थित सड़क के निजीकरण का विरोध करते हुए सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। तब महापौर मीनल चौबे ने यह स्पष्ट किया कि यातायात सुधार के लिए यह अस्थायी व्यवस्था बना रहे हैं जिसमें मरीन ड्राइव में सुबह और शाम मार्निंग व इवनिंग वॉक पर आने -जाने वालों से पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनके लिए तालाब किनारे वाली गली में पार्किंग की अलग व्यवस्था रहेगी।जो लोग वहां खाने पीने या घंटों समय बिताने के मकसद से तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में आते हैं उनसे निर्धारित पार्किंग शुल्क लिया जाएगा।

### पुलिस रिकॉर्ड हटाए ...

को भी तोड़ने का काम शुरू हो गया है। हरिभूमि ने ये दोनों खबरें प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की थी। पुलिस विभाग ने इस खबर के बाद दस्तावेजों को हटाने तथा और पीडब्ल्यूडी विभाग ने एसपी भवन को तोड़ने का कार्य शुरू करा दिया है। **एसपी भवन को तोड़े बिना कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू:** इधर पीडब्ल्यूडी विभाग कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण को लेकर पहले ही वर्कआर्डर जारी कर चुका था। इसे देखते हुए निर्माण एजेंसी ने एसपी भवन के टूटे बिना ही करीब दो से तीन माह पहले यहां कार्य शुरू कर दिया है। एसपी भवन से लगी खाली आधी जमीन पर ही खुदाई कर कॉलम तैयार कर लिए गए हैं। अब एसपी भवन को भी तोड़ा जा रहा है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरा भवन तोड़कर यहां भी खुदाई का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### नष्ट होने से पहले ...

दस्तावेजों को इस पुराने भवन के एक जर्जर हो चुके कमरे में डंप कर दिया गया था, जिसके कारण इन दस्तावेजों के नष्ट होने का खतरा लगातार मंडरा रहा था। इन दस्तावेजों को भी अब यहां से हटाकर दूसरी सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। साथ ही इस जर्जर कमरे को भी अब तोड़ा जा रहा है, ताकि यहां कंपोजिट बिल्डिंग के लिए रुका कार्य भी शुरू किया जा सके।

### चुनाव-एसआईआर ...

नहीं हो पाया। इसके बाद जब एसपी दफ्तर शिफ्ट हुआ ही था कि शहर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हो गई। इसके कारण एक बार फिर एसपी भवन को तोड़ने का कार्य अटक गया, क्योंकि यहां एक पुलिस अफसर का दफ्तर लग रहा था, जिसके कारण इसे तोड़ा नहीं जा सका।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -01**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल अठवानी पिता मनोहर लाल अठवानी निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर-57 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 252/10 रकबा 0.0095 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार / तहसीलदार / नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10/04/2026 के परिपालन में दिनांक 05/05/2026 को 02.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर के रायपुरा में स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर - 01

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -01**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री किशोर कुमार माखीजा पिता मोहन लाल सुखीजा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर-57 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 252/23 रकबा 0.0095 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार / तहसीलदार / नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10/04/2026 के परिपालन में दिनांक 05/05/2026 को 02.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर के रायपुरा में स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर - 01

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

क्रमांक/ Q ./वाचक/तह./2026

मंदिर हसौद, दिनांक 24.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुषमा चंद्राकर पति सीताराम चंद्राकर, निवासी- रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम- नरदहा, प.ह.नं.- 01, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर- मूल भूमि खसरा नंबर 1388/4 एवं 1389/4 कुल रकबा 0.061 हे. था किंतु बाद की रजिस्ट्री में त्रुटिवश उक्त भूमि को परिवर्तित करते हुए खसरा नंबर 1388/17 दर्ज कर दिया गया जिससे खसरा नंबर 1389 अभिलेखो मे विलोपित हो गया एवं वास्तविक स्थिति परिलक्षित नही हो रहा है। आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेख मे सुधार करते हुए खसरा नंबर 1389 को पुनः दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 08.05.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 24.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर) तहसीलदार,
मंदिर हसौद, (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 13/04/2026**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती पुष्पा नेताम पति रामविचार नेताम, सा. मौलश्री विहार रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 355/1 रकबा 0.5060 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तु किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/ अति. तहसीलदार/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 13/04/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 28/04/2026 को समय 02 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील-रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक - 416 दिनांक - 10.01.2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 12 में स्वतंत्र भवन क्रमांक - SR MIG DUPLEX- 221 को श्रीमती संगीता अग्रवाल, पति श्री पवन कुमार अग्रवाल, एवं श्री पवन कुमार अग्रवाल पिता श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28.03.2025 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक - 2720 दिनांक - 17.04.2025 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्रीमती संगीता अग्रवाल, पति श्री पवन कुमार अग्रवाल, एवं श्री पवन कुमार अग्रवाल पिता श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल निवासी :- 16, लालगंगा विहार, आमापारा, जी. ई. रोड, रायपुर (छ. ग.) 492001, के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती गीतांजली पही पति श्री बिनोद बिहारी पही, निवासी :- उदयपुर, उदयपुर, पो. उदयपुर, जिला केन्दुझर, ओडिशा, पिन - 7758045 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ. सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-12 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक — SR MIG DUPLEX- 221 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, प्रिया डेम्बानी, पति श्री विशाल कुमार डेम्बानी, निवासी गायत्री नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) – 492007, ने अपना पुराना नाम प्रिया डेम्बानी बदलकर नया नाम पूजा नागवानी रख लिया है।

अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम पूजा नागवानी के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

आवेदनकर्ता
प्रिया डेम्बानी

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गो सम्मान आह्वान अभियान, निकली प्रार्थना यात्रा

**रायपुर।** रायपुर में "गो सम्मान आह्वान अभियान" के अंतर्गत विशाल संत समाज, गो सेवकों एवं समाज प्रमुखों द्वारा गो माँ और नंदी बाबा को साथ लेकर एक भव्य एवं शांतिपूर्ण भजन-कीर्तन प्रार्थना यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा माँ महामाया मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई, जहाँ सभी श्रद्धालुओं एवं संत-महात्माओं ने माँ का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रार्थना पत्र के साथ लगभग 21,200 व्यक्तियों द्वारा संकल्पित पत्रकों को लाल वस्त्र में सिर पर धारण कर नंगे पाँव पैदल चलते हुए अभियान की शुरुआत की। गो सम्मान यात्रा में भजन-कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभर की तहसीलों में आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी जनमानस तक पहुँचाना रहा।

### कुंआकोंडा के सुदूर गांव में पहली बार समग्र स्वास्थ्य जांच

**रायपुर।** घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और कठिन रास्तों के बीच बसे लोहागांव में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भरोसे की दस्तक बनकर पहुंचीं। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बैलाडीला की पहाड़ियों से घिरे विकासखंड कुआकोंडा के इस सुदूर गांव तक पहुंचने के लिए करीब 11 किलोमीटर का पैदल सफर तय किया। गांव पहुंचने के बाद टीम ने 62 ग्रामीणों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की जिनमें कई ऐसे लोग भी थे, जिन्होंने पहली बार इस तरह की समग्र जांच कराई। जांच के दौरान 4 मरीजों की स्थिति गंभीर पाई गई, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया। इनमें एक गर्भवती महिला, एक मोतियाबिंद मरीज और दो मलेरिया पॉजिटिव मरीज शामिल हैं।

# बेवजह चेन पुल करने वालों पर आरपीएफ सख्त, 4 महीने में 230 यात्रियों पर कार्रवाई

- चेन पुल होते ही आरपीएफ एक मिनट के भीतर कोच और यात्री तक पहुंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

बिना उचित कारण के ट्रेनों में अलार्म चेन पुल करने वाले यात्रियों पर रेलवे सुरक्षा बल ने अब कार्रवाई तेज कर दी है। तकनीक और मुस्तैदी के कारण चलती ट्रेन में चेन पुल होते ही आरपीएफ के जवान महज़ एक मिनट के भीतर संबंधित कोच और यात्री तक पहुंच रहे हैं। बेवजह चेन खींचने वाले यात्रियों को न सिर्फ ट्रेन से उतारा जा रहा है, बल्कि उन्हें आगे के सफर से भी वंचित होना पड़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार, बीते चार महीने में ऐसे 230 यात्रियों पर कार्रवाई की गई है।

अधिकारियों का कहना है कि सख्ती बढ़ने से यात्रियों में जागरूकता आई है, हालांकि वर्तमान में भी रोज औसतन तीन से चार मामले सामने आ रहे हैं। आरपीएफ के जांच में सामने आया है कि अक्सर यात्री स्टेशन पर अपने किसी साथी के इंतज़ार में या उनके प्लेटफॉर्म पर छूट जाने के कारण चेन पुलिंग करते हैं। कई बार ट्रेन के चलने के बाद दौड़कर उसमें चढ़ने के लिए भी चेन खींची जा रही है, जो कि रेलवे नियमों के सख्त खिलाफ और जानलेवा है।

### चालान रेलवे कोर्ट के समक्ष कर रहे पेश

बिना किसी वैध कारण या आपात स्थिति के ट्रेन की चेन खींचना रेलवे एक्ट की धारा 141 के तहत एक दंडनीय अपराध है। ऐसे यात्रियों का चालान तैयार कर उन्हें रेलवे कोर्ट (मजिस्ट्रेट) के समक्ष पेश किया जाता है, जहां उन्हें आमतौर पर 500 रुपये या उससे अधिक का जुर्माना भरना पड़ता है। जुर्माना न देने पर जेल की सजा का भी प्रावधान है।



### चेन पुलिंग से बचना अब मुश्किल

आरपीएफ अमला इनदिनों ट्रेनों के बेवजह चेन पुलिंग कम करने में जुटा हुआ है। अब बेवजह चेन पुलिंग करने के बाद आरपीएफ से बच पाना बेहद मुश्किल है। लगातार अभियान चलाकर बेवजह चेन पुलिंग के मामलों को कम किया जा रहा है। हर दिन कार्रवाई हो रही है। अभियान में इस बात का विशेष ध्यान रख रहे हैं, कि ट्रेन अपने निर्धारित समय से छूटे।

## नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का मामला

# लभांडी, ब्रम्हदेवनगर, सूरज नगर में पेयजल संकट, जोन कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

- रहवासियों ने वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू के साथ जोन अधिकारी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर के आउटर इलाके में स्थित नगर निगम जोन 9 के लालबहादुर शास्त्री वार्ड में पेयजल संकट से लोग परेशान हैं। बोर सूखने और निस्तारी के लिए पानी की जरूरत पूरा करने रहवासी भटक रहे हैं। यह स्थिति वार्ड के ब्रम्हदेवनगर, लभांडी और सूरजनगर में देखी जा सकती है। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने पेयजल समस्या को लेकर वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू के नेतृत्व में जोन 9 कमिश्नर राकेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

जोन 9 कमिश्नरी के वार्डों में पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों को नगर निगम किराये के पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति की व्यवस्था दे रहा है। पर लोगों की पेयजल मांग को देखते हुए पानी टैंकर की उपलब्धता बहुत कम है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू ने वार्ड के स्थानीय नागरिकों के साथ जोन 9 कमिश्नर से मिलकर उन्हें मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में पानी की समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि लाभांडी, ब्रह्मदेव नगर एवं सूरज नगर में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी के इस दौर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद ने बताया कि बोरवेल खनन का कार्य 15 वर्ष पूर्व किया गया था, जिसे उस समय केवल 60-70 फीट तक ही गहरा किया गया था।

उस दौरान जल स्तर ऊपर होने के कारण पानी उपलब्ध हो गया था, लेकिन वर्तमान में जल स्तर काफी नीचे चले जाने से अब यह बोरवेल पूरी तरह सूख चुका है। ऐसी स्थिति में पुराने बोरवेल का गहरीकरण अत्यंत आवश्यक है तथा यदि किसी कारणवश पुराने बोरवेल का खनन संभव नहीं हो पाता है, तो नए बोरवेल की खुदाई तत्काल कराई जाए। इसी तरह एक परेशानी ये भी है, नगर निगम द्वारा भेजे जा रहे पानी के टैंकर भी नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों को तेज धूप में पानी टैंकर का इंतजार करना पड़ रहा है। निगम प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से वार्ड में नियमित एवं पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

वार्डवासियों न चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से वंदना भास्कर, लक्ष्मण साहू, प्रेम सुल्तान, कमला नेताम, देवेंद्र सिन्हा, ओम पाल, सौहाद्र साहू, संतोष जायसवाल, धनमती डडसेना, रूपा निषाद सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# डस्टबिन नहीं रखा, गंदगी फैलाई, 131 दुकानदारों पर निगम ने लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की अलग-अलग टीमों ने जोन के स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ राजधानी में अभियान चलाया।

स्वच्छता दीदियों के सहयोग से डस्टबिन नहीं रखने, कचरा फैलाने और प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर 131 दुकानों के संचालकों से 31,900 रुपए का जुर्माना वसूला।

नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही और संबंधित जोन कमिश्नरों के मार्गनिर्देशन में यह अभियान मंगलवार को चलाया गया।

### 21 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, सफाई ठेकेदार पर अर्थदंड

निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 3 के गुरु घासीदास वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने किया। इस दौरान वार्ड में निर्धारित संख्या 38 में से 21 ठेका प्लेसमेंट सफाई कामगार ड्यूटी पर अनुपस्थित मिले। इस पर जोन कमिश्नर ने सफाई ठेकेदार मेसर्स साईं इंटरप्राइजेस को तत्काल स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस जारी कर अर्थदण्ड लगाया। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2026 की तैयारी के सम्बन्ध में किये गए स्वच्छता व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी की उपस्थिति रही।

### मेडिकल कालेज में शोक सभा आज

**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी विभाग के भूतपूर्व प्राध्यापक डा. केके पंधेर का 27 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया है। इस दुखद घड़ी में मृतात्मा की शांति एवं श्रद्धांजली दिये जाने के लिए चिकित्सा महाविद्यालय के लेक्चर हॉल-1 में बुधवार 29 अप्रैल को दोपहर 1 बजे शोक सभा का आयोजन किया गया है। उक्त शोक सभा में चिकित्सा महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को उपस्थित रहने कहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026


नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

विद्यार्थियों ने एआई का लाइव प्रयोग....

लाइव इवेंट

## राज्य स्तरीय आवासीय खेल अकादमी में चयन के लिए ट्रायल किया शुरू



**रायपुर।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए 28 अप्रैल से 1 मई तक चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। चयन ट्रायल के पहले दिन आज रायपुर के कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में तीरंदाजी, फुटबॉल और वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के तीरंदाजी में 68 बालक और 27 बालिका, फुटबॉल में 91 बालिका, वेटलिफ्टिंग में 7 बालक और 11 बालिका सहित कुल 204 खिलाड़ियों ने हिस्सेदारी की।

### 29 अप्रैल को खिलाड़ियों के खेल कौशल का परीक्षण किया

चयन ट्रायल के पहले दिन खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, मेडिकल और शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया। ट्रायल के दूसरे दिन 29 अप्रैल को खिलाड़ियों के खेल कौशल का परीक्षण किया जाएगा। यह चयन ट्रायल 13 वर्ष से 17 वर्ष आयुवर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित है। इसमें चयनित खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल परिसर में निशुल्क प्रशिक्षण हासिल करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अकादमी में खिलाड़ियों को निशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेइंग किट और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।



### अग्निवीर भर्ती में निशुल्क कोचिंग के लिए 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीयन

रायपुर। अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित थी। ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों को लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु विभाग द्वारा निशुल्क कोचिंग दी जानी है। कोचिंग 4 मई 2026 से 4 जून 2026 तक प्रस्तावित है। इच्छुक पंजीकृत आवेदक 30 अप्रैल तक रोजगार विभाग के पोर्टल- **https://erojgar.cg.gov.in/** में अग्निवीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक कर प्रशिक्षण हेतु अपना पंजीयन करा सकते हैं अथवा अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वारोजगार मार्गदर्शन केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

लाइव इवेंट

## छात्रों को कौशल उन्नयन, सकारात्मक दृष्टिकोण और प्रतिस्पर्धी बनने किया प्रेरित




**रायपुर।** विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार परिदृश्य, उद्योगों की अपेक्षाओं, कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण तथा साक्षात्कार की तैयारी संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान के लिए प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय के द्वारा रोजगार मार्गदर्शन एवं अवसर विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और उनके लिए उपयोगी साबित हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा सोनी ने बताया कि बदलते समय में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, डिजिटल ज्ञान और उद्योग जगत की समझ भी आवश्यक है। मुख्य वक्ता विशेषज्ञ सिद्धार्थ मेहता ने विद्यार्थियों को बाजार की मांग, कॉर्पोरेट अपेक्षाओं और व्यावसायिक दक्षताओं के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी और व्यवहारिक कौशल का समन्वय ही सफल करियर की आधारशिला है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट ने कहा कि ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक जरूरतों से जोड़ते हैं और उनके करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को निरंतर कौशल उन्नयन, सकारात्मक दृष्टिकोण और प्रतिस्पर्धी सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रोजगार, इंटर्नशिप, स्टार्टअप, उद्यमिता और कॉर्पोरेट सेक्टर में उपलब्ध अवसरों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया।

● ज्ञानभारतम अभियान से छत्तीसगढ़ में सहेजी जा रहीं प्राचीन पांडुलिपियां

# पांडुलिपि-ताम्रपत्रों से खुल रहे अतीत के राज, 2000 साल पुराने ताम्रपत्र में मिला प्राचीन प्रशासन-दान व्यवस्था का ब्योरा

"

रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्राचीन विरासत को सहेजने का काम तेजी से चल रहा है। यहां पांडुलिपियों, ताम्रपत्रों और हस्तलिखित ग्रंथों को सुरक्षित किया जा रहा है, जो भारत की सांस्कृतिक पहचान हैं। संस्कृति विभाग 'ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण' के तहत गांव-गांव और घर-घर जाकर इनकी खोज कर रहा है। इन ग्रंथों में ज्ञान, विज्ञान, दर्शन, चिकित्सा और कला का खजाना छिपा है। ये सिर्फ ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की आत्मा हैं। इस अभियान का असर यह है कि अब आम लोग भी अपने पास रखी दुर्लभ पांडुलिपियों को खुद आगे आकर साझा कर रहे हैं।





### शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए होगी आसानी

*अंबिकापुर और अन्य इलाकों में भी 17वीं सदी की कई दुर्लभ पांडुलिपियां खोजी गई हैं। अब 'ज्ञानभारतम एप' के जरिए इन सभी का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, ताकि ये हमेशा के लिए सुरक्षित रहें। आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से इन धरोहरों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ, शोध करने वालों और विद्यार्थियों के लिए इन्हें पढ़ना तथा समझना भी काफी आसान हो जाएगा।*

### डिजिटलीकरण से सुरक्षित रहेगी हमारी विरासत

संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल का कहना है कि ये पांडुलिपियां सिर्फ अतीत की यादें नहीं, बल्कि हमारे लिए मार्गदर्शक भी हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ इन्हें सहेजना नहीं है, बल्कि इन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। ज्ञानभारतम अभियान हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का एक बड़ा कदम है। यह न केवल हमारी विरासत को सुरक्षित रखेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान और गर्व का स्रोत भी बनेगा।



### ताम्रपत्रों में छिपा है प्राचीन इतिहास

हाल ही में दामाखेड़ा क्षेत्र से 326 साल पुरानी दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां मिली हैं। इनमें उस समय के समाज, धर्म और इतिहास की अहम जानकारी है, जो अध्ययन के लिए बहुत जरूरी है। इसी तरह बिलासपुर जिले के मल्हार से करीब 2,000 साल पुराना ताम्रपत्र मिला है, जो छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत को दर्शाता है। इस ताम्रपत्र में प्राचीन काल के शासन, दान व्यवस्था और समाज की जानकारी है, जिससे पता चलता है कि उस समय का प्रशासन कितना मजबूत था।

गुरुकुल महिला महाविद्यालय में सम्प्रेषण की कला विषय पर सेमीनार

## सम्प्रेषण शब्दों और आत्मविश्वास के मेल से व्यक्तित्व गढ़ने की कला

**रायपुर।** गुरुकुल महिला महाविद्यालय में कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम के तहत सम्प्रेषण की कला विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को यह आयोजन महाविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी सेल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम के तहत किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य वक्ता आरजे अनिमेष, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आरजे अनिमेष ने अपने चित-परिचित अंदाज में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में सम्प्रेषण केवल एक कौशल नहीं, बल्कि एक शक्ति है। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात सत्र की शुरुआत करते हुए बताया कि कैसे एक प्रभावी वक्ता अपने शब्दों और शारीरिक भाषा के माध्यम से दूसरों को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने आवाज के उतार-चढ़ाव, सही शब्द चयन और मंच पर आत्मविश्वास बनाए रखने के कई गुरु मंत्र साझा किए। व्यवहारिक जीवन से जुड़े छोटे छोटे उदाहरणों के द्वारा उन्होंने छात्राओं को प्रभावी सम्प्रेषण के तरीके सिखाए। सेमीनार के दौरान छात्राओं को सम्प्रेषण की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। आरजे अनीमेष ने छात्राओं के साथ सीधा संवाद किया, जिसमें उन्होंने बताया कि रेडियो जैसे माध्यमों में केवल आवाज ही नहीं, बल्कि शब्दों के पीछे छिपा भाव भी महत्वपूर्ण होता है।



### छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। सम्प्रेषण की कला जैसे विषय छात्राओं को केवल रोजगार के लिए ही नहीं, बल्कि समाज में अपनी बात मजबूती से रखने के लिए भी तैयार करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन एवं मंच संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## कलाकारों ने समूह गीत और नृत्य की प्रस्तुति से बांधा समां

**रायपुर।** बंगला नववर्ष पोइला बैशाख के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम उच्छास का आयोजन किया गया। 16 वर्षों से आयोजित कार्यक्रम ने लोगों को राग, रंग और रस के अद्भुत संगम से सराबोर किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ कवच के अध्यक्ष और वरिष्ठ कलाकार शक्ति चक्रवर्ती, बबलू बिस्वास, शांतनु दासगुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अंकिता दास के नृत्य के साथ हुई। इसके पश्चात उच्छास टीम के कलाकारों ने सुमधुर समूह गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति के साथ कविता पाठ, श्रुति नाटक प्रस्तुत किया। जिसने नववर्ष के स्वागत को भावपूर्ण स्वर दिए। तिहाई डांस अकादमी के नन्हे कलाकारों ने अमृता सान्याल के निर्देशन में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। गायक कृष्णा सुतर, तुहिनाद्री सन्याल, गार्गी तरफदार सहित अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को संगीत की मधुरता से भर दिया। सुब्रत बैद्य और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत लाइव बैंड की प्रस्तुति दी गई।शर्मिष्ठा नंदी और शिखा मोइत्रा के मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रस्तुति और आयोजन को साकार रूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सुवर्णा सुतर ने किया।आयोजन और प्रस्तुतियों में सूर्यविहार की घरेलू महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का संयुक्त आयोजन

# नशा इंसान को अंदर से कर रहा खोखला, मोबाइल और स्क्रीन का 'एडिक्शन' भी बेहद खतरनाक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में एक विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें सही दिशा दिखाना था। कार्यक्रम में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार चंद्राकर, राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी और ब्रह्माकुमारी अनूप बहन मुख्य रूप से उपस्थित थीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने कहा कि जब जीवन में नैतिक मूल्यों का अभाव होने लगता है तो व्यक्ति उस खालीपन को भरने के लिए नशे की ओर आकर्षित हो जाता है। उन्होंने आगाह किया कि नशा सिर्फ ड्रग्स या शराब का ही नहीं होता, बल्कि आज के दौर में 'डिजिटल एडिक्शन' भी एक गंभीर समस्या है। बच्चों से लेकर बड़ों तक का स्क्रीन टाइम काफी बढ़ गया है। मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर ने लोगों को अपने ही परिवार से दूर कर दिया है। हालात ये हैं कि लोग एक ही घर में रहकर आपस में बात करने के बजाय मैसेज के जरिए संवाद कर रहे हैं।





### मानसिक और शारीरिक रूप से ज्यादा निर्भर होना सही नहीं

नशे की लत को स्पष्ट करते हुए सौम्या दीदी ने बताया कि जब हम किसी चीज पर मानसिक और शारीरिक रूप से इतने ज्यादा निर्भर हो जाते हैं कि उसके न मिलने पर बेचैनी और असामान्य महसूस करते हैं तो वही लत है। इससे हमारी स्वाभाविक खुशी खत्म हो जाती है। यह नशा शरीर और मस्तिष्क दोनों को भारी नुकसान पहुंचाता है, जिससे मनोबल, याददाश्त और एकाग्रता लगातार कमजोर होती जाती है।उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज बहुत से युवा गलत संगत (संगदोष) या फैशन के नाम पर नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। ज्यादातर व्यसनों की शुरुआत किशोरावस्था में ही होती है, जो कच्ची मिट्टी के समान होती है। इस उम्र में बच्चों को सही मार्गदर्शन, महापुरुषों की जीवन गाथाओं और नैतिक शिक्षा की सख्त आवश्यकता है, ताकि वे सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज में निशुल्क सिखाया जाने वाला 'राजयोग मेडिटेशन' आत्मबल को मजबूत करता है और नशे से मुक्ति पाने में बेहद कारगर है।

सिटी लाइव

## इंटरनेशनल ट्रैवल बाजार में छग को मिला 'सर्वश्रेष्ठ उभरता पर्यटन गंतव्य' का सम्मान




**रायपुर।** राजस्थान में 27 अप्रैल 2026 को आयोजित 15वें ग्रेट इंडियन इंटरनेशनल ट्रैवल बाजार में छत्तीसगढ़ को प्रतिष्ठित 'सर्वश्रेष्ठ उभरता पर्यटन गंतव्य' से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर कहा कि छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने इस उपलब्धि को मुख्यमंत्री के विजन का परिणाम बताते हुए कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को आर्थिक विकास के एक मजबूत माध्यम के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने के साथ ही छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि जीआईटीबी जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर यह सम्मान मिलना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है और इससे पर्यटन क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने जयपुर में यह पुरस्कार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दिल्ली, उत्तरप्रदेश और गोवा के पर्यटन विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ के साथ सहयोग एवं एमओयू में रुचि दिखाई गई है।

### टूर ऑपरेटर्स को पसंद आया हमारा छत्तीसगढ़

26 से 28 अप्रैल तक आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन आयोजन में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स) के संयुक्त तत्वावधान में देश-विदेश के पर्यटन विशेषज्ञों, टूर ऑपरेटर्स और निवेशकों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा स्थापित आकर्षक पवेलियन ने अपनी थीम आधारित प्रस्तुति, पारंपरिक स्थापत्य शैली और हरित सज्जा के माध्यम से विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर सभी का ध्यान खींचा। इस दौरान देश और विदेश के टूर ऑपरेटर्स ने छत्तीसगढ़ की पर्यटन संभावनाओं में विशेष रुचि दिखाई तथा कई प्रतिनिधियों ने पर्यटक समूहों को छत्तीसगढ़ भेजने की इच्छा भी व्यक्त की। विभिन्न राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के बावजूद छत्तीसगढ़ की सशक्त प्रस्तुति और रणनीतिक भागीदारी ने विशिष्ट पहचान दिलाई।

## भगवान नृसिंह का उत्सव कल, जुलूस भी निकलेगा

रायपुर। रायपुर पुष्टिकर समाज द्वारा 30 अप्रैल को भगवान नृसिंह का उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। ट्रस्टी हलधारी लाल व्यास ने बताया कि इस दिन सुबह 7 बजे बजे से भगवान नृसिंह का पंचामृत एवं दूध से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद भोग लगाया जाएगा। शाम 5 बजे से नृसिंह लीला का मंचन होगा, जिसमें रायपुर पुष्टिकर समाज के सदस्यों द्वारा हिरण्यकश्यप का स्वरूप धारण किया जाता है और सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर से जुलूस के रूप में हिरण्यकश्यप, आम जनता पर प्रतीकात्मक रूप से कोड़े बरसाता हुआ बुढ़ापारा गणेश मंदिर के रास्ते बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचता है और भगवान के भक्तों पर अत्याचार करता है। इस दौरान भगवान श्री नृसिंह और हिरण्यकश्यप युद्ध की लीला का भी मंचन किया जाता है। आयोजन प्रभारी ट्रस्टी महेश बिस्सा ने बताया कि इस पूरे आयोजन में हजारों की संख्या में आम जनता, व्यक्ति एवं रायपुर पुष्टिकर समाज के सदस्य उपस्थित रहते हैं।

साइंस सेंटर में तीन दिवसीय समर कैम्प, ट्रिपल आईटी के एक्सपर्ट सिखा रहे एआई के उपयोग

# विद्यार्थियों ने एआई का लाइव प्रयोग कर जाना- मशीनें कैसे मानव की तरह सोचने, सीखने और निर्णय लेने में सक्षम

छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में मंगलवार को तीन दिवसीय समर साइंस कैम्प की शुरुआत हुई। जहां पहले दिन प्रतिभागी स्कूली छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित अनुप्रयोगों का विषय विशेषज्ञों ने लाइव प्रैक्टिकल कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने यह जाना कि कैसे मशीनें एआई के माध्यम से मानव की तरह सोचने, सीखने और निर्णय लेने में सक्षम बनती हैं।



**रायपुर।** प्रतिभागी विद्यार्थियों ने आज के समय में एआई का उपयोग वॉयस असिस्टेंट, चैटबॉट, फेस अनलॉक, गूगल मैप्स एवं ऑनलाइन रिकमेंडेशन सिस्टम जैसे दैनिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में किस प्रकार किया जाए, इस तकनीक को जाना व समझा। कार्यशाला के समन्वयक प्रज्ञा कदम वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर ने बताया कि यह कार्यशाला 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है, जिसमें शहर सहित प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जा रही है। इन तीन दिनों में इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक की बुनियादी समझ प्रदान करना एवं उन्हें व्यावहारिक रूप से जोड़ना है। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एआई की मूल अवधारणाओं से परिचित कराया। अगले दो दिन भी विशेषज्ञ विद्यार्थियों को एआई की मूल अवधारणाओं से परिचित कराएंगे। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक की बुनियादी समझ प्रदान करना एवं उन्हें व्यावहारिक रूप से जोड़ना है। विशेषज्ञों ने सरल उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एआई डेटा से सीखता है, जिसमें डेटा संग्रह, पैटर्न पहचान और भविष्यवाणी की प्रक्रिया शामिल होती है। उन्होंने पारंपरिक प्रोग्रामिंग और एआई आधारित प्रणाली के बीच अंतर को स्पष्ट करते हुए मशीन लर्निंग के प्रकार-सुपरवाइज्ड एवं अनसुपरवाइज्ड लर्निंग की जानकारी दी।





**6वीं से 8वीं तक के बच्चों के लिए स्पेशल कैंप 5 मई से :** साइंस सेंटर में समर कैंप का आगामी सत्र 6वीं से 8वीं कक्षा के बच्चों के लिए 5 मई से शुरू होगा, जो 5 जून तक चलेगा। यह 6 चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण 5 से 6 मई मैथ्स आर्ट क्रिएशन, दूसरा 7 से 8 मई ग्रीन क्रॉफ्ट स्टूडियो, तीसरा चरण 19 से 20 मई फिजिक्स एंड केमिस्ट्री फन फैक्ट्री, चौथा चरण 21 से 22 मई वेस्ट टू वॉव, पांचवां चरण 2 से 3 जून टॉय टेक साइंस और छठवां चरण 4 से 5 जून मैथ्स इन मोशन विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### इमेज प्रोसेसिंग एवं वस्तुओं की पहचान की प्रक्रिया सीखी

कैंप में भाग ले रहे 9वीं कक्षा की छात्रा खनक डहरिया, 12वीं कक्षा के छात्र हरीश साहू, 9वीं कक्षा की छात्र हर्षित सारले, 11वीं कक्षा की छात्रा तुलिका साहू ने बताया कि वह कैंप के पहले सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा कंप्यूटर विजन जैसे महत्वपूर्ण विषय को सरल तरीके से समझाया गया, जिसमें मशीनों द्वारा इमेज प्रोसेसिंग एवं वस्तुओं की पहचान की प्रक्रिया बताई गई। उदाहरण के रूप में फेस रिकग्निशन, सेल्फ-ड्राइविंग कार, मेडिकल इमेज एनालिसिस एवं टेक्स्ट रिकग्निशन जैसे अनुप्रयोगों का उल्लेख किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि डेटा इज दि फ्यूल फॉर एआई यानी बेहतर डेटा से ही प्रभावी एआई मॉडल विकसित किए जा सकते हैं।

### छात्र-छात्राएं कर रहे एआई प्रोजेक्ट पर कार्य और प्रस्तुतिकरण

इस कार्यशाला के लिए एक सुव्यवस्थित एवं विस्तृत मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसमें एआई की मूल अवधारणाओं से लेकर मशीन लर्निंग, डेटा, मॉडल ट्रेनिंग एवं मूल्यांकन तक के विषयों को चरणबद्ध रूप से शामिल किया गया है। मॉड्यूल में इमेज क्लासिफिकेशन, टेक्स्ट क्लासिफिकेशन एवं मॉडल एक्यूरेसी सुधार जैसे प्रायोगिक प्रयोग भी सम्मिलित हैं। साथ ही विद्यार्थियों को मिनी एआई प्रोजेक्ट पर कार्य करने, उसकी प्रस्तुति देने एवं मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है।



### 40 छात्र-छात्राएं विभिन्न विद्यालयों से कैंप में ले रहे भाग

इस कैम्प में कुल 40 छात्र-छात्राएं विभिन्न विद्यालयों से सहभागी हुए हैं, जिनमें पीएमश्री भरत देवांगन शासकीय विद्यालय (खरोरा), डीपीएस सेमरिया, बीपी पुजारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय राजा तालाब, कृष्णा पब्लिक स्कूल डुण्डा, आदर्श विद्यालय मोवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलार, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कचना, सेंट मेरी स्कूल पंडरी, केम्पियन स्कूल एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पेंड्री जिला सक्ती के विद्यार्थी सम्मिलित हैं।

### पहले दिन इन एक्सपर्ट ने दिया प्रशिक्षण

कैंप के पहले दिन ट्रिपल आईटी से डॉ. शैलेश खापरे डाटा साइंस एआई विशेषज्ञ, गौरव शर्मा कप्यूटर साइंस विशेषज्ञ, राजेश तिवारी कप्यूटर साइंस विशेषज्ञ ने छात्र-छात्राओं को एआई की मूल अवधारणाओं से लेकर मशीन लर्निंग, डेटा, मॉडल ट्रेनिंग एवं मूल्यांकन तक के विषयों को चरणबद्ध रूप से शामिल किया। मॉड्यूल में इमेज क्लासिफिकेशन, टेक्स्ट क्लासिफिकेशन एवं मॉडल एक्यूरेसी सुधार जैसे प्रायोगिक प्रयोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

## जमीन पर बिछी अमलतास के फूलों की सुनहरी चादर



फोटो : अजय साहू

रायपुर। पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी में इन दिनों अमलतास के सुनहरे फूलों की बरसात ने परिसर को आकर्षक बना दिया है। परिसर में फूलों की सुनहरी चादर बिछी है, जिसे देखकर लग रहा, मानो प्रकृति ने स्वयं हल्दी से वसुंधरा का श्रृंगार किया है।



## गर्मी में शरीर को राहत देने पारंपरिक व्यंजन बोरे बासी, देसी शर्बत, फरा-चीला का स्वाद

**रायपुर।** गर्मी के मौसम में गढ़कलेवा में लोग पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में स्थित गढ़कलेवा में सुबह, दोपहर और शाम को लोगों की भीड़ उमड़ रही है। दोपहर में लंच के तौर पर शरीर को ठंडा रखने के लिए लोग विशेष रूप से बोरे-बासी का स्वाद ले रहे हैं। वहीं देशी शर्बत में गर्मी से राहत पाने के लिए आम पना, बेल का शर्बत और मट्ठा पी रहे हैं। वहीं नास्ते में फरा-चीला, दाल से बनी भाप में पकी हुई बफोरी, अंगाकर रोटी, मुठिया, देहरौरी का स्वाद फेवरेट रिफ्रेशमेंट बन रहा है। महिला स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित यह गढ़कलेवा यू तो बारहों माह शहरवासियों के लिए स्थानीय पारंपरिक स्वाद का केंद्र बना रहता है, लेकिन गर्मियों में विशेष ताजा और पारंपरिक नाश्ता, भोजन, शर्बत परोसा जा रहा है। ये पारंपरिक व्यंजन स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ स्वाद से भरपूर हैं, जिसका लुत्फ उठाने हर वर्ग के लोग यहां पहुंच रहे हैं। यहां पर कम बजट पर हेल्दी भोजन, नास्ता और शीतल पेय पदार्थों का सेवन करना लोगों को खूब रास आ रहा है।



### दोना-पत्तल व पीतल-कांसे के बर्तनों में खाने का स्वाद

गढ़कलेवा में पारंपरिक दोना-पत्तल एवं पीतल और कांसे के बर्तनों में खाना परोसा जा रहा है, जिससे ग्रामीण परिवेश का अनुभव मिलता है। यहां का पूरा माहौल छत्तीसगढ़िया संस्कृति को समर्पित है, जो आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान कर रहा है। भोजन में चावल, दाल, कढ़ी, हरी चटनी, रोटी, सलाद, बिजौरी आदि परोसे जा रहे हैं। वहीं अन्य जायके में मुंगोड़ी, आलूचाप भी लोगों को खूब भा रही है।

### मेहमान, फैमिली-फ्रेंड्स का बना आकर्षण

फैमिली शाम के समय विशेष रूप से पारंपरिक व्यंजन का स्वाद लेने पहुंच रही हैं। वहीं शहर के कामकाजी लोग दोस्तों के साथ आफिस से लंच टाइम पर पारंपरिक व्यंजन का लुत्फ उठाने यहां आते हैं। इसके अलावा राज्य के बाहर से पहुंचने वाले मेहमानों के लिए भी छत्तीसगढ़ के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेने गढ़कलेवा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

समाज इवेंट

## राज्य के 143 हाजी सफर-ए-हज के लिए नागपुर एम्बार्केशन प्वाइंट से हुए रवाना



**रायपुर।** हज-2026 के लिए नागपुर के अंतर्राष्ट्रीय विमानतल से फ्लाइट से अब तक राज्य के 143 हज यात्री नागपुर से मदीना शरीफ के लिए रवाना हो चुके हैं। हाजियों की रवानगी के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा हज हाउस नागपुर में हाजियों की रिपोर्टिंग कराई गई एवं हजयात्रा के दस्तावेजों का वितरण हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग द्वारा किया गया। साथ ही हज हाउस में लगेज चेक इन कराया गया तथा छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग एवं सदस्य मौलाना अमीर बेग, मौलाना हसन अब्बास, मौलाना महताब, गुलाम रहमान खान ने विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया। एयरपोर्ट पर भी हज यात्रियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे हज यात्रियों का प्रस्थान सुगमतापूर्वक संपन्न हुआ। नागपुर एम्बारकेशन प्वाइंट से राज्य के हज यात्रियों की सुगमतम्से पूर्वक प्रस्थान की समस्त व्यवस्थाओं का संपादन छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, डॉ. खुशबू उस्मान के दिशा-निर्देशों व मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया।

माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर द्वारा सम्मान समारोह एवं टॉक शो

# इंटरेक्टिव टॉक शो में महिलाओं ने खुद को किया मोटिवेट, स्टेज फियर किया दूर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर द्वारा सम्मान समारोह एवं टॉक शो का आयोजन किया गया। मंगलवार को यह आयोजन जीई रोड महेश छात्रावास में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी, राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार मंत्री प्रतिभा नत्थानी एवं प्रादेशिक सचिव नंदा भट्टड़ शामिल हुईं। इस अवसर पर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही प्रादेशिक स्तर पर संगठन की पदाधिकारी, उपाध्यक्ष शशि बागड़ी, सांस्कृतिक मंत्री सीमा नत्थानी, प्रचार-प्रसार मंत्री रमा मल एवं मीडिया प्रभारी डॉ. नीना राठी का भी सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में महिलाओं को समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनने एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने सशक्त विचारों से उपस्थित सभी महिलाओं को गहराई से प्रभावित किया और जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत मुझे भी कुछ कहना है विषय पर आयोजित इंटरेक्टिव टॉक शो में पल्लवी टावरी बालोद ने अत्यंत प्रभावशाली एवं ऊर्जावान प्रस्तुति दी। उन्होंने महिलाओं के स्टेज फियर को दूर करने, खुलकर अपनी बात रखने और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनकी प्रेरणादायक बातों ने सभी महिलाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम की डायरेक्टर मधु राठी रहीं, जिनके कुशल मार्गदर्शन में पूरा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





### 70 महिला पदाधिकारियों ने लिया भाग

प्रचार-प्रसार प्रमुख शशि मोहता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास वृद्धि एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में संगठन की पदाधिकारी एवं 70 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यकारिणी सदस्य मधु राठी,भावना मर्डा, संगीता चांडक, कल्पना राठी, प्रगति कोठारी, कविता दमानी, नीलिमा लड्डा, ज्योति सारडा, मधुरिका नाथानी, सुनीता लड्डा, शीलू राठी, शशिकला काबरा, श्वेता राठी उपस्थित रहे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### गर्मी में पसीना ज्यादा या कम, जानिए हमारे लिए कितना जरूरी



पसीना आना हमारे शरीर की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो सामान्य परिस्थितियों में स्वस्थ शरीर का संकेत देती है। यह न केवल शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर की अंदरूनी गतिविधियों का संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पसीने के स्तर में अचानक बदलाव जैसे कि ज्यादा या कम पसीना आना स्वास्थ्य के सही होने या खराब होने का संकेत दे सकता है। इसे नजरअंदाज करना कभी-कभी गंभीर परिणामों का कारण बन सकता है। हम इस खबर में पसीने के सामान्य और असामान्य पैटर्न, कारण और सावधानी के उपायों के बारे में विस्तार से जानेंगे।

#### अत्यधिक पसीना आने के नुकसान

अत्यधिक पसीना आना, जिसे हाइपरहाइड्रोसिस कहते हैं, अक्सर शरीर के कुछ हिस्सों जैसे हाथ, पांव, बगल या चेहरे पर अधिक दिखाई देता है। इसका कारण हार्मोनल असंतुलन, तनाव, मोटापा या थायरॉइड की समस्याएं हो सकती हैं। अधिक पसीना केवल असुविधा नहीं देता, बल्कि सामाजिक और मानसिक तनाव भी बढ़ाता है। लोग हाथ मिलाने या सार्वजनिक स्थानों पर जाने से कतराते हैं।

#### कम पसीना के नुकसान

पसीना न आना या बहुत कम आना, जिसे



एनहाइड्रोसिस कहते हैं, भी खतरनाक हो सकता है। यह तंत्रिका प्रणाली की समस्याओं, त्वचा की बीमारियों या गर्मी के अत्यधिक संपर्क के कारण हो सकता है। शरीर की थर्मोरेगुलेशन प्रणाली प्रभावित होने पर हीट स्ट्रोक, थकान और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

#### सामान्य पसीना आना कितना जरूरी

सामान्य पसीना शरीर के लिए जरूरी है। यह टॉक्सिन्स को बाहर निकालने, शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करता है। सामान्य पसीना आपके शरीर के स्वाभाविक संतुलन और कार्यप्रणाली का संकेत है। इसे नजरअंदाज करना गलत है, लेकिन इससे डरने की जरूरत भी नहीं।

#### किन बातों का रखें ध्यान

अत्यधिक या कम पसीने की समस्या में



डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। अधिक पसीने के लिए एंटिपर्सपिरेंट, मेडिकल ट्रीटमेंट या बोटॉक्स जैसी तकनीकें मदद कर सकती हैं। कम पसीने वाले लोगों को तरल पदार्थ पर्याप्त मात्रा में लेना, ठंडी जगह पर रहना और गर्मी से बचना चाहिए। स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए जीवनशैली में सुधार, पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम भी आवश्यक है।

गर्मी के मौसम में तापमान और उमस बढ़ने के कारण शरीर को ठंडा रखने के लिए ज्यादा पसीना आता है। यह एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, लेकिन अत्यधिक पसीना आना (हाइपरहाइड्रोसिस) डिहाइड्रेशन, कमजोरी, सिरदर्द और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी का कारण बन सकता है,। इससे बचने के लिए पर्याप्त पानी, नींबू पानी और नारियल पानी पिएं।

#### गर्मी में ज्यादा पसीना आने के मुख्य कारण और बचाव

गर्मी में शरीर का तापमान नियंत्रित रखने के लिए पसीना आना जरूरी है। पसीना सामान्य से बहुत ज्यादा आ रहा है, तो यह नर्वस सिस्टम की समस्या, हार्मोनल असंतुलन या आनुवंशिक भी हो सकता है। बड़े शरीर वाले लोगों को ज्यादा गर्मी लगती है, इसलिए उन्हें ज्यादा पसीना आता है। सूती कपड़े पहनें, धूप में कम निकलें, और कैफीन या शराब का सेवन कम करें।

#### चिकित्सक से परामर्श कब करें?

अगर पसीना इतना ज्यादा हो कि दैनिक जीवन प्रभावित हो, या बिना गर्मी के भी पसीना आए, तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

### डिनर का सही वक्त तय कर लें तो बनी रहेगी सेहत

# रात का भोजन जल्द कर लीजिए, इसके फायदे इतने कि जान कर रह जाएंगे दंग

क्या आपको भी रात का भोजन देर से करने की आदत है? तो इससे जुड़ी जानकारी आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, क्योंकि आपको समय पर डिनर करने के कुछ ऐसे फायदों के बारे में जरूर जानना चाहिए। इससे आप अपनी आदत जरूर बदलेंगे।

रात का भोजन जल्दी करना चाहिए... यह सलाह हम सब सुनते आ रहे हैं पर हममें से बहुत कम लोग ही इसका पालन करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर लोगों को इससे मिलने वाले फायदों के बारे में जानकारी नहीं होती है और ऐसे में वो इससे मिलने वाले सेहत लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए आपको इस बारे में सही और पूरी जानकारी होना जरूरी है।

आपको डिनर जल्द करने से मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानना चाहिए। लखनऊ के जनरल फिजिशियन डॉ. बृजेंद्र सिंह ने इस पर विस्तार से जानकारी दी है

डॉ. बृजेंद्र सिंह बताते हैं कि आज की बदलती जीवनशैली ने लोगों की दिनचर्या से लेकर खान-पान तक सब कुछ पूरी तरह से बदल दिया है। गौरतलब है कि भारतीय संस्कृति में सूरज ढलने के बाद भोजन ग्रहण करने का चलन नहीं था। पर पाश्चात्य सभ्यता की देखा-देखी यहां भी लोग देर रात तक भोजन करने



लगें, जिसका खामियाजा सेहत संबंधी समस्याओं के रूप में देखने को मिला है। ऐसे में अगर आपको इन समस्याओं से निजात पानी है तो आपको रात का भोजन जल्दी करना शुरू करना होगा।



डॉ. बृजेंद्र सिंह आगे बताते हैं कि रात का भोजन शाम 7 बजे तक कर लेना चाहिए। यह पाचन को बेहतर करने के साथ ही अच्छी नींद और दिल-दिमाग को दुरुस्त करने में सहायक साबित होता है। तो चलिए रात का भोजन जल्दी करने से मिलने वाले सेहत लाभ के बारे में विस्तार से जानते हैं।

#### पाचन रहता है दुरुस्त

रात में जल्दी भोजन करना पाचन के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। इससे भोजन को पचने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और इसके चलते अपच, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से बचाव होता है। इसलिए जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं रहती हैं उन्हें रात का भोजन जल्दी करने की कोशिश करनी चाहिए।

#### दिल को सेहतमंद रखने में मददगार

रात का भोजन से समय लेने पर ब्लड प्रेशर और हृदय गति संयमित रहती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं को जोखिम कम होता है। इसलिए अगर किसी को हृदय संबंधी समस्याएं हैं तो उसे रात का जल्दी भोजन करना चाहिए।

#### शुगर नियंत्रित रखने में सहायक

रात का भोजन जल्दी करना, शुगर को नियंत्रित रखने में भी सहायक साबित होता है। दरअसल, रात का भोजन समय पर करने से हमारा शरीर इंसुलिन को प्रभावी तरीके से प्रयोग कर पाता है। ऐसे में इससे शुगर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।



#### बेहतर नींद में सहायक

रात का भोजन जल्दी करने पर पाचन बेहतर रहता है, जिससे नींद भी बेहतर आती है। ऐसी स्थिति में पाचन संबंधी समस्याओं के कारण नींद में किसी तरह की खलल नहीं पड़ती है और आप आराम से सो पाते हैं। रात का भोजन जल्दी करने से हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलती है।



### चैन से सोने नहीं देती 'मेलाटोनिन' की कमी सुकून की नींद के लिए उठाएं जरूरी कदम

नींद न आना, रात के समय बार-बार नींद टूट जाने की स्थिति को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी वयस्कों को हर रात कम से कम 6-8 घंटे के निर्बाध नींद की जरूरत होती है। जिन लोगों को नींद लेने में कठिनाई या अनिद्र की समस्या है उन्हें समय पर डॉक्टर से मिलकर इसका उपचार प्राप्त करना चाहिए। अनिद्रा की समस्या को अध्ययनों में शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए खतरनाक बताया गया है।

अध्ययनकर्ता बताते हैं जिन लोगों को अक्सर नींद न आने की समस्या रहती है उनमें मेलाटोनिन नामक हार्मोन की कमी देखी जाती रही है। मेलाटोनिन वह हार्मोन है जो नींद के चक्र को ठीक बनाए रखने के साथ अच्छी और गहरी नींद प्राप्त करने में मदद करता है। कहीं आपमें भी तो इसकी कमी नहीं है, इसमें सुधार कैसे किया जा सकता है आइए इस बारे में समझते हैं।

# शिवनाथ एनिकट में गांव के तैराकों ने दिखाया दम, एक दूसरे को पछाड़ने लगी रही होड़



**अंडा।** फोटो। जिला मुख्यालय के समीपस्थ शिवनाथ नदी के तट में बसे कोटनी गांव में सेवा फाउंडेशन और ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में तैराकी खेल प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता का आयोजन नदी एनीकेट में किया गया। जिसमें कोटनी,महामरा,नगपुरा ,पीपरछेड़ी, मालूद बेलौदी और पउवारा के दर्जनों ग्रामीण बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अंतरराष्ट्रीय तैराक ओज चंद्राकर मौजूद रहे और सभी खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों से अवगत करवाने स्वयं नदी में तैरकर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में आयु वर्ग 10 से 12 में तरुण यादव प्रथम, हर्षा यादव द्वितीय और कैलाश निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग 12 से 15 में समीर निषाद प्रथम,प्रतीत निषाद द्वितीय और दीपराज निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग 15 से 18 में प्रशांत यादव प्रथम,एलिन बंजारे द्वितीय और गीताराम निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम स्थान वाले प्रतिभागी को नगद के साथ में प्रमाण पत्र द्वितीय स्थान वाले सभी प्रतिभागी को तीन सौ रुपए साथ प्रमाण पत्र, तृतीय स्थान वाले सभी प्रतिभागी को नगद एवं प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी तैराक को नगद राशि व प्रमाण पत्र दिया गया।

इस तैराकी प्रतियोगिता को गांव तक ले जाने में शासकीय तैराकी प्रशिक्षक तामेश्वर घंघोरी का विशेष योगदान रहा एवं वरिष्ठ एन आई एस कोच ताजुद्दीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस आयोजन में प्रमुख रूप से सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष एस के जैन, कोटनी सरपंच रामसिंह निषाद,सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, जनपद सदस्य राजेंद्र निषाद,प्रवीण मिश्रा,एम व्ही राव, एल के साहू,आर के श्रीवास्तव, ए के भोसले, एस राजन,संजीव नैय्यर,रेड्डी,आर ई राव, लोकेश निषाद, बीरेंद्र निषाद,लोकेश बंजारे,चेतन साहू,योगिराज निषाद,गिरधर यादव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

#### निषाद-ढीमर समुदाय में तैराकी के अनुवांशिक गुण, इन्हें निखारेंगे

सेवा फाउंडेशन, भिलाई स्टील प्लांट भिलाई के सेवानिवृत अधिकारियों की संस्था है, जो अपनी योग्यता और प्लांट में सेवाकाल के अनुभवों को अलग अलग क्षेत्र खेल कूद, शिक्षा,स्वास्थ्य, ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन,युवाओं के रोजगार परख कौशल उन्नयन,पर्यावरण जैसे विषयों और कार्यरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में नदी किनारे के गांव कोटनी में एक पहल बच्चों को स्कूली शिक्षा के अलावा विभिन्न विषय में पारंगत करने, महिलाओं को स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे समूह में हुनरमंद बनाकर आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने, युवाओं को सही दिशा देने संसाधन ,प्रेरक मार्गदर्शन,प्रशिक्षण व अन्य सुविधा उपलब्ध करवाने जा रहे हैं।


















Contact to Add Your School - 7987119756















## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता अजय के भाई के घर ईडी का जाना संयोग या भाजपा का नया प्रयोग



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा नेता अजय चंद्राकर के भाई के घर ईडी की छापेमारी हुई है। बताया जाता है भारत माला घोटाले के संदर्भ में छापे मारे गये। क्या इस छापे के पीछे एकमात्र यही कारण है। यह संयोग है या भाजपा का अपने ही नेता के यहां ईडी भेजने का नया प्रयोग है, जो भाजपा दूसरे दलों के भ्रष्टाचारी नेताओं को अपने ही दल में शामिल करती है। वह अपने ही वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर के यहां ईडी भेज रही, इसके बहुत मायने हैं। बड़े-बड़े घोटाले करने के बाद सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुये, उनके खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी गयी, क्लीन चिट दे दी गयी। अजय चंद्राकर तो भाजपा के ही नेता हैं, फिर उनके घर ईडी क्यों गयी होगी? उन्होंने कहा, इस छापे से साफ हो रहा कि भाजपा का एक वर्ग अजय चंद्राकर को निपटाने में लगा है, या फिर अजय चंद्राकर की जबान बंद करने के लिए ईडी हो भेजा है। दरअसल अजय चंद्राकर के विधानसभा में तीखे सवालों से भाजपा नेतृत्व डरा हुआ है। वे अपनी पार्टी की सरकार को आईना दिखाते हैं। अडानी को पानी देने के लिए किसानों पर अत्याचारः उन्होंने कहा, अडानी पावर को पानी पहुंचाने किसानों के खेतो में जबरिया पाइप डाल रहे, विरोध करने पर धमकाया जा रहा है। अडानी पावर के लिये पानी सप्लाई करने आरंग ब्लाक के महानदी के चिखली और समोदा घाट से अडानी पावर रायखेड़ा में 45 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा रही है।

### छह कार्यों के लिए 1.49 करोड़ मंजूर

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सक्ती जिले के जैजेपुर नगर पंचायत में 6 कार्यों के लिए एक करोड़ 48 लाख 85 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने जैजेपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-10, वार्ड क्रमांक-14 और वार्ड क्रमांक-15 में सांस्कृतिक भवन से बंधवा तालाब की ओर सीसी रोड के निर्माण के लिए 23 लाख दो हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वार्ड क्रमांक-13 में संतोषी मंदिर से अड़बंधा तालाब की ओर सीसी रोड के लिए 23 लाख दो हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-3 में मेन रोड से गोठान की ओर सीसी रोड के लिए 30 लाख 62 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-12 और वार्ड क्रमांक-15 में पुराना गोदाम से धरसा की ओर सीसी रोड के लिए 20 लाख 56 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

# नशा एक मानसिक बीमारी, सालभर में डेढ़ हजार लोगों को मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में नशे की लत बढ़ रही है। वर्ष 2019 में हुए सर्वे के मुताबिक छत्तीसगढ़ शराब एवं गांजा सेवन के मामले में देश के टॉप-5 राज्यों में शामिल है। करीब डेढ़ हजार लोगों को इस लत से दूर करने में जिला अस्पताल में संचालित नशा मुक्ति क्लीनिक को पिछले एक साल में सफलता मिली है। यहां होने वाली नियमित ओपीडी में आने वाले मरीजों को नशे के चंगुल से मुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक काउंसिलिंग और दवा दी जा रही है।

जिला अस्पताल पंडरी में संचालित नशा मुक्ति क्लीनिक में मनोचिकित्सा विशेषज्ञ डा. राहुल वर्मा को नियुक्त किया गया है। यहां होने वाली नियमित ओपीडी के साथ ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में नशे की लत छोड़ने की मंशा के साथ आने वाले मरीजों की काउंसिलिंग की जाती है। साथ ही अस्पताल तक आने वाले जरूरतमंद मरीजों को एडमिट कर इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष यानी मार्च 2025 से अप्रैल 2026 के बीच 1417 मरीजों का इलाज किया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक नशा एक मानसिक बीमारी है जो धीरे-धीरे मस्तिष्क के साथ सेहत को प्रभावित करने लगा है। नशे की लत से आजाद होना संभव है मगर नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे के मुताबिक अल्कोहल के उपयोग विकार से पीड़ित 86 फीसदी लोग इलाज से दूर हैं। नशा मुक्ति क्लिनिक में नशे की लत छोड़ने की मंशा लेकर आने वाले लोगों को इसके लिए प्रेरित करने के साथ आवश्यक दवा भी दी जा रही है। इसके लिए जिला अस्पताल में नशा मुक्ति क्लीनिक के साथ टेली मानस क्लिनिक की सुविधा भी दी जा रही है।

### जिला अस्पताल में नशा मुक्ति क्लीनिक का नियमित संचालन



**बेहतर काउंसिलिंग और इलाज**

नशे की लत से दूर होने की मंशा के साथ आने वाले मरीजों को बेहतर काउंसिलिंग के साथ आवश्यक इलाज की व्यवस्था भी की गई है। यहां आकर कई लोगों ने नशा छोड़ा है। टेली मानस क्लीनिक के जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक काउंसिलिंग की जा रही है।
*- डा. चंद्रा राव, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल*

## बीमारी का इलाज, रोजमर्रा के जरूरी खर्च चलाने की चिंता

# पेंशन के लिए भटक रहे निराश्रित, बुजुर्ग और महिलाएं, 5 माह से खाते में पैसा नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

500 रुपए महीना पेंशन से अपनी बीमारी का इलाज और दैनिक जरूरत को पूरा करने वाले बुजुर्ग, दिव्यांग और उम्रदराज महिलाएं तथा निराश्रित, पेंशन को लेकर परेशान हैं। किसी को 3 माह तो किसी का 5 माह के पेंशन का पैसा उनके बैंक खाते में अब तक नहीं आया। इसके चलते उन्हें तपती धूप और उमस भरी गर्मी में पेंशन का पता करने भटकना पड़ रहा है। इस तरह की समस्या वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन और दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों के सामने आ रही है।

- गांधी सदन में आधार कार्ड और बैंक खाता लेकर पहुंच रहे हितग्राही, हर महीने किचकिच

गांधी सदन में पेंशन शाखा में शहर के अलग-अलग क्षेत्र के बुजुर्ग अपने आधार कार्ड और बैंक खाता की पासबुक लेकर पेंशन का पता करने पहुंचे। पता चला कि उनके खाते में केन्द्र द्वारा भेजी गई 200 रुपए की पेंशन की राशि तो जमा हो गई, पर राज्य के हिस्से की 300 रुपए की पेंशन राशि अब तक नहीं आई। बकाया राशि कब तक उनके खाते में जमा होगी, यह कोई बता नहीं पा रहा। पेश है एक रिपोर्ट : -



**केस 1**

### 5 माह से नहीं मिली पेंशन

गुढ़ियारी के आंबेडकर में रहने वाले बुजुर्ग शेख मुकीम को पिछले 6 माह से निराश्रित पेंशन नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि गुढ़ियारी से वे सुबह 11 बजे से निगम मुख्यालय पेंशन का पता करने आए हैं। 6 माह से पेंशन नहीं मिलने से गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। 500 रुपए के लिए हर महीने कभी बैंक का चक्कर कभी निगम मुख्यालय भटक रहे हैं। कोई बताने वाला नहीं है कि कब तक बकाया पेंशन की राशि मिल पाएगी। निराश्रित लोगों का कोई सुनने वाला ही नहीं है।

**केस 2**

### चक्कर पर चक्कर, पेंशन का ठिकाना नहीं

नगर निगम जोन 6 के शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड के मठपुरैना में रहले वाली हेमचीन टेंभुरकर अपने बहू को लेकर निराश्रित पेंशन के लिए निगम मुख्यालय में पहुंची। चलने-फिरने में तकलीफ है , 10 माह से उनके बैंक खाते में निराश्रित पेंशन की राशि जमा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इससे पहले एटीएम से पेंशन की रकम निकालने की सुविधा रही। पर कुछ समय से एटीएम की जगह बैंक खाते में फिर से पेंशन की राशि जमा कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या ये है कि पहले एक साथ 500 रुपए जमा होता था, अब केंद्र और राज्य अपने-अपने हिस्से की राशि अलग-अलग तारीख में भेजते हैं। इससे पेंशनरों की परेशानी बढ़ गई। चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं पर 10 महीने की पेंशन अब तक नहीं मिली।

**केस 3**

### 5 माह से खाते में पेंशन का पैसा नहीं आया

बजरंग नगर से पेंशन का पता करने आए बुजुर्ग मुकुंद इस बात को लेकर परेशान रहे कि बैंक खाता का केवाईसी कराने के बाद भी उनके खाते में 5 माह से निराश्रित पेंशन की रकम जमा नहीं हुई। उनका कहना है नगर निगम से पहले पेंशनरों को पेंशन नकद देने का सिस्टम रहा वही अच्छा था। जब से एटीएम आया तब से दिक्कत हो रही है। अब तो 500 रुपए के महीना पेंशन की राशि भी टुकड़ों में जमा हो रही है समझ में नही आता कि हो क्या रहा है? बिना पेंशन के भारी परेशानी हो रही है। मैने पेंशन नहीं मिलने की शिकायत जनदर्शन में भी की थी।

**शिकायतें आ रही हैं, समाज कल्याण विभाग को अवगत कराया है**

सितंबर से एसएनए स्पर्श पूरे देश में लागू किया गया है। इसमें बेनिफिसरी के खाते में सीधे रकम जमा होती है। इसमें स्टेट और सेंट्रल का कांट्रिब्यूशन अलग-अलग रहता है, इसलिए यह राशि अलग-अलग समय में हितग्राही के खाते में डाली जाती है। सितंबर से केंद्र से निराश्रित, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशनरों का पैसा नहीं आया है। राज्य से भी मार्च तक संबंधित पेंशनरों के पेंशन के हिस्से की राशि नहीं आई है। हमने प्रभावित पेंशनरों की सूची बनाकर समाज कल्याण विभाग को भेज दी है। महापौर मीनल चौबे को भी पेंशनरों की समस्या से अवगत करा दिया है। *- अंजलि शर्मा, उपायुक्त, गरीबी उपशमन विभाग, नगर निगम रायपुर*

# ठक्करबापा वार्ड की पानी टंकी की जांची मजबूती, जोन कमिश्नर को बोर खनन करवाने दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय बागड़े ने जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत ठक्करबापा वार्ड के दीक्षा नगर में बन रही पानी टंकी की मजबूती जांची। जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर की उपस्थिति में निर्माणाधीन पानी टंकी की स्ट्रेन्थ रिपोर्ट का निरीक्षण किया और इस पर संतोष व्यक्त किया।

- मुख्य अभियंता संजय बागड़े ने दीक्षानगर की निर्माणाधीन पानी टंकी निर्माण की प्रगति का किया निरीक्षण

मुख्य अभियंता ने जोन कमिश्नर को पानी टंकी निर्माण कार्य में तराई कार्य अच्छी तरह से कराने और कार्य की गुणवत्ता की सतत रूप से मानिटरिंग करने की हिदायत दी। साथ ही वहां तत्काल बोर खनन कार्य शुरू कराने निर्देशित किया।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर मुख्य अभियंता संजय बागड़े ने मंगलवार को ठक्करबापा वार्ड में बन रही पानी टंकी के निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान टंकी निर्माण के कार्य को प्रमुखता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर कराने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर निगम द्वारा दीक्षा नगर में अधोसंरचना मद में 19 करोड़ 61 लाख की लागत से 2100 किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर इंदौर की एंड्राएड कंपनी को अनुबंधित किया गया है। 2 वर्ष की समय सीमा में अनुबंधित एजेंसी नई पानी टंकी का निर्माण कराएगी।

इस टंकी के बनने से ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर, प्रेमनगर, पावर्ती नगर, गुरु घासीदास नगर, अंजलि विहार, सुख विहार, देव विहार को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।

# सेवा, समर्पण के रूप में मना मूणत का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत का जन्मदिवस राजधानी में मंगलवार को सेवा, समर्पण और उल्लास के संगम के रूप में मनाया गया। विकास की राजनीति को नई परिभाषा देने वाले श्री मूणत के प्रति जनता का स्नेह आज उस समय सैलाब बनकर उमड़ पड़ा, जब उनके निवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों की लंबी कतारें लग गईं। श्री मूणत ने अपने जन्मदिवस की शुरुआत अत्यंत सादगी और आध्यात्मिक भाव के साथ की।

- चौबे कॉलोनी स्थित निवास पर सुबह से रात तक बधाई देने वालों का तांता



उन्होंने सर्वप्रथम महादेवघाट स्थित बाबा हाटकेश्वरनाथ के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए अभिषेक किया। इसके बाद डीडीनगर वार्ड के गोल चौक पर पार्षद आशु चंद्रवंशी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पक्षियों के लिए दाना-पानी के लिए 'सकोरे' और प्रसादी का वितरण किया। आध्यात्मिक यात्रा के इसी क्रम में उन्होंने अग्रसेन चौक स्थित गणपति मंदिर और समता कॉलोनी स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने गोमाता को चारा खिलाकर जीव-सेवा का संकल्प भी दोहराया।

श्री मूणत के सेवाभावी व्यक्तित्व से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा विशेष पहल की गई, जिसके अंतर्गत जनहित में निशुल्क एक्स-रे एवं एमआरआई की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही, विभिन्न वार्डों में कार्यकर्ताओं द्वारा फल और जूस का वितरण कर मरीजों व जरूरतमंदों की सेवा की गई। टाटीबंध में एम्स के पास आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। 15 वर्षों का ऐतिहासिक विकास काल रहा हो या वर्तमान में 'महादेवघाट कॉरिडोर' और 'नालंदा परिसर फेस-2' जैसी दूरगामी योजनाओं के माध्यम से श्री मूणत ने सदैव रायपुर की उन्नति को सर्वोपरि रखा है।

# चिल्हर के बाद कास्मेटिक उत्पादों के थोक विक्रेता जांच दायरे में, डूमरतराई पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुंदर बनाने (कास्मेटिक) उत्पादों की गुणवत्ता जांचने निकली खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने चिल्हर के बाद थोक विक्रेताओं को जांच दायरे में लाया है। मंगलवार को डूमरतराई के विभिन्न दुकानों में जाकर परफ्यूम, हेयर ऑयल, हेयर रिमूवल क्रीम सहित अन्य उत्पादों की जांच की। इस दौरान संदिग्ध उत्पादों के मामले में कारोबारियों को दस्तावेज प्रस्तुत करने तीन दिन का वक्त दिया गया है।

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन का जांच अभियान



खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम सही दवा शुद्ध आहार नामक जांच अभियान चला रही है। इसके दूसरे दिन औषधि निरीक्षकों की टीम पुलिस बल के साथ डूमरतराई के सरदार वल्लभभाई पटेल किराना मार्केट में थोक विक्रेता प्रतिष्ठानों में पहुंची। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों में कॉस्मेटिक उत्पादों के क्रय-विक्रय दस्तावेजों का अवलोकन किया। जांच टीम ने मुस्कान वैरायटी, ब्यूटी सेंटर, सुनील ट्रेडर्स, शिवम सेल्स, खुशी ट्रेडर्स, अमर वाधवानी फर्म, संजय एजेंसी, शारदा लाजिस्टिक का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां बेचे जाने वाले बेलविटा परफ्यूम, डाबर आंवला हेयर ऑयल, एको फैब्रिक परफ्यूम, वी हेयर रिमूवल क्रीम, हेयर रिमूवल स्प्रे, हेयर फिक्सर, सेटाफिल मॉइस्चराइजिंग लोशन, कॉस्मो हर्बल्स चंदन पाउडर, आई ऑइंटमेंट, डिओडोरेंट के क्रय-विक्रय दस्तावेजो की जांच की गई। इन दुकानों को संदिग्ध उत्पादों के खरीद रिकॉर्ड और बैच विवरण प्रस्तुत करने के लिए तीन दिनों का समय दिया गया है। निरीक्षण के दौरान उत्पादों के भंडारण की स्थिति और उनके वैधानिक लेबलिंग की सूक्ष्मता से जांच की गई। कुछ फर्मों को नियमानुसार स्टॉक रजिस्टर और बिल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गुपचुप पानी और एक्सपायर ब्रेड नष्ट

गठित खाद्य निरीक्षकों की टीम ने दूसरे दिन फ्रूट जूस को जांच के दायरे में लाया। इस दौरान सफाई और हाईजैनिक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। पहले दिन 27 चाट- गुपचुप दुकानों की जांच की गई थी। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि एक संस्थान में रंग मिलाए गए 20 लीटर गुपचुप पानी को नष्ट कराया गया। वहीं एक संस्थान में एक्सपायरी हो चुके दो किलो से ज्यादा ब्रेड का भी नष्टीकरण किया गया। दो स्थानों से समोसा, चाट एवं दही बड़ा के सैंपल जांच के लिए उठाए गए। खाद्य निरीक्षकों की टीम ने इस दौरान स्ट्रीट फूड वेंडरों को इस बात की विशेष ताकीद की गई कि वे साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखे, खाद्य पदार्थों को तलने के लिए तेल का ज्यादा उपयोग नहीं करें।

## 1 मई से घर-घर जाएंगे सर्वेयर, 33 सवालों के देने होंगे जवाब

# स्वगणना के लिए कल अंतिम दिन, अब तक 80 हजार परिवारों ने दी जानकारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्व-गणना की प्रक्रिया अब अंतिम चरण पर पहुंच चुकी है और इसके लिए केवल एक दिन शेष रह गया है। स्वगणना के लिए इसके आधिकारिक पोर्टल पर जाकर प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। 30 अप्रैल के बाद घर-घर जनगणना शुरू हो जाएगी। अब तक 80 हजार परिवारों ने ही ऑनलाइन जनगणना में भाग लिया है।

प्रदेश के करीब 2.5 करोड़ ऑनलाइन उपभोक्ताओं की तुलना में यह भागीदारी काफी कम है। लोग भ्रम, डेटा चोरी, टैक्स, पुलिस या अन्य जांच में इस जानकारी का उपयोग होने के डर से स्व-गणना से बच रहे हैं। हालांकि अधिकारियों की तरफ से पहले ही यह स्पष्ट किया जा चुका है कि जानकारी गोपनीय रखी जाती है। टैक्स, पुलिस या जांच में जानकारी का उपयोग नहीं किया जा सकता। इन आंकड़ों का उपयोग केवल प्रदेश व देश के विकास की योजनाएं बनाने के लिए किया जाता है।

### 1 से 30 मई तक सर्वेयर घर-घर जाएंगे

प्रदेश जनगणना के निदेशक ने बताया कि 16 से 30 अप्रैल से डिजिटल मोड पर स्व-गणना और 1 से 30 मई तक कर्मचारी (प्रगणक) घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का काम करेंगे। जनगणना के लिए 62 हजार 5 सौ अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्व-गणना के दौरान एक आईडी जनरेट होगा, जिसे सर्वेयर को दिखाना होगा। स्व-गणना ऐच्छिक है, अनिवार्य नहीं है। स्व-गणना में परिवार की संरचना, उपलब्ध सुविधाएं और परिसंपत्तियों से जुड़े 33 सवालों के जवाब देने हैं। अधिकारियों का कहना है कि पहली बार डिजिटल जनगणना करायी जा रही है, जिसमें स्व-गणना भी एक विकल्प है। स्व-गणना ऐच्छिक है, इसके बाद कर्मचारी 1 से 30 मई तक घर-घर जाएंगे।



### स्व-गणना के फायदे

स्वगणना को लेकर इसके फायदे बताए गए है। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है। काम तेजी से पूरा होता है। कर्मचारियों के घर-घर पहुंचने पर संशोधन का अवसर मिलता है। तीसरे व्यक्ति पर निर्भरता कम होने से गलतियों की संभावना कम होती है। सरकारी कर्मी के न आने का इंतजार और न कहीं जाने की जरूरत। दर्ज की गई जानकारी सीधे सिस्टम में, हेराफेरी या बदलाव की संभावना नहीं।

### किराए के मकान में निवासरत हैं तो भी विकल्प उपलब्ध

स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करने वाले लोगों को कर्मचारियों के घर पहुंचने पर सिर्फ ऑनलाइन जानकारी भरने के बाद जनरेट हुई एसईआइडी दिखाना होगा। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी राज्य के हों, लेकिन वर्तमान में जहां निवासरत हैं, उसी के अनुसार जानकारी भरनी है। स्वयं या किराए के मकान में निवासरत हैं, तो स्व-गणना में उसके भी विकल्प उपलब्ध हैं।

### लू के बीच जनगणना कार्य पर ऐतराज

छत्तीसगढ़ में जनगणना के पहले चरण की शुरुआत से ठीक पहले प्रदेश में जारी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच शिक्षकों ने जनगणना कार्य में अपनी ड्यूटी लगाए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। शिक्षक संघ का तर्क है कि जब शासन खुद आम जनता के लिए गर्मी से बचाव की एडवाइजरी जारी कर रहा है, तो ऐसी स्थिति में शिक्षकों को तपती धूप में घर-घर भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। संघ ने मांग की है कि या तो जनगणना के समय में बदलाव किया जाए या इस कार्य के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था दी जाए।

### गौरव पथ के लिए 7.32 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नारायणपुर नगरपालिका में गौरव पथ के निर्माण के लिए सात करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद से स्वीकृत इस राशि से नारायणपुर नगर पालिका में पंकज शॉप से घड़ी चौक तक तथा बाजार चौक से गायत्री मंदिर तक गौरव पथ का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरपालिका के अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समयसीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।